राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 305
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 17 मई 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334




मुख्य अपडेट

पेज 3 देश कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा को लेकर चिंतित, कश्मीर उनका घर है, कश्मीरी पंडितों के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज करना और आंसू गैस के गोले

पेज 5 'डिजिटल रेप' में 80 वर्षीय चित्रकार गिरफ्तार, किशोरी के साथ 7 साल से कर रहा था हैवानियत

पेज 7 लुंबिनी में बोले पीएम मोदी- नेपाल बिना हमारे राम अधूरे, बुद्ध से बताया अपना खास रिश्ता

## असम में बाढ़ : सात जिलों में लगभग 57,000 लोग प्रभावित

### हवा में लटकी पटरिंया; ट्रेन में फंसे यात्रियों को एयरलिफ्ट किया

एजेंसी

गुवाहाटी। असम में बाढ़ से हालात खराब हो गए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बाढ़ से राज्य के सात जिलों में लगभग 57,000 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 15 राजस्व मंडलों के लगभग 222 गांव प्रभावित हुए हैं। शनिवार को दीमा हसाओ जिले के हाफलोंग इलाके में लैंडस्लाइड में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

इस प्राकृतिक आपदा से इंसानों के अलावा 1,434 जानवर भी प्रभावित हुए हैं और अब तक कुल 202 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

वहीं, लगभग 10,321.44 हेक्टेयर खेती की भूमि बाढ़ के पानी में डूब गई है।





#### असम के कछार जिले में स्थिति गंभीर

असम के कछार जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है।ASDAMA के अनुसार, जिले के 1,685 बाढ़ प्रभावित लोगों ने जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए राहत शिविरों में शरण ली है। वहीं, एक बच्चे सहित 3 लोग शनिवार से लापता हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों, एनडीआरएफ के जवान बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत अभियान में जुटे हैं।

#### दीमा हसाओ जिले में बाढ़ से रेलवे लाइन बही

लगातार बारिश के कारण होजई, लखीमपुर और नगांव जिलों में कई सड़कें, पुल और सिंचाई नहरें क्षतिग्रस्त हो गईं। शनिवार को दीमा हसाओ जिले में बाढ़ से रेलवे लाइन बह गई। कई स्टेशनों की पटरियों पर कीचड़ और पानी भर गया। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन से पटरियों के नीचे की जमीन धंस गई और पटरियां हवा में झूलने लगीं।

#### यात्रियों को एयरलिफ्ट किया

रेलवे ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि लुमडिंग डिवीजन के लुमडिंग-बदरपुर पहाड़ी खंड में कई स्थानों पर लगातार बारिश, लैंडस्लाइड और जलभराव के चलते ट्रेन सेवाओं में बदलाव किया गया। हालांकि, दो ट्रेनें फंस गईं। इनमें लगभग 1,400 यात्री थे। इसके बाद डिटोकचेरा रेलवे रूट पर फंसे लगभग 1,245 रेल यात्रियों को एयरलिफ्ट कर बदरपुर और सिलचर लाया गया है और 119 यात्रियों को भारतीय वायु सेना ने सिलचर पहुंचाया है।

सेना के अधिकारी का दावा

## कश्मीर में आतंक को जिंदा रखने के लिए हो रही कश्मीरी पंडितों की हत्या

श्रीनगर। घाटी में हो रही कश्मीरी पंडितों की टारगेट किलिंग्स को लेकर नॉर्दन आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि इस तरह के हमलों के पीछे कश्मीर में आतंक के माहौल को जिंदा रखना है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि आतंकी कश्मीरी पंडितों और गैर-स्थानीय मजदूरों को इसलिए मार रहे हैं ताकि घाटी में आतंक का माहौल बना रहे। जनरल द्विवेदी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान घाटी में आतंकी हमलों की साजिश रच रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सोची समझी रणनीति के तहत घाटी में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय आतंकी ईकाईयों का निर्माण कर रहा है ताकि उसकी छवि खराब ना हो। गौरतलब है कि पिछले एक साल में, द रेसिस्टेंस फ्रंट, पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट, गजनवी फोर्स, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट, गिलानी फोर्स, लश्कर-ए-मुस्तफा, जैसे कई संगठन घाटी में बने हैं। लश्कर -ए-इस्लाम और जम्मू-कश्मीर फ्रीडम फाइटर संगठनों ने पिछले दिनों घाटी में हुए आतंकी हमलों की जिम्मेदारी ली है। घाटी में हिंदुओं पर होने वाले हमलों में खास तौर पर इन संगठनों का हाथ है। जनरल द्विवेदी के मुताबिक पाकिस्तान पर जम्मू-कश्मीर में आतंकी कार्रवाई रोकने के लिए जबरदस्त अंतरराष्ट्रीय दबाव पड़ रहा है। इसलिए पाकिस्तान अब आतंकी संगठनों को स्वदेशी रंग देने की कोशिश कर रहा है। जनरल द्विवेदी ने ये भी कहा कि पाकिस्तान कश्मीर में किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने में नाकाम हो रहा है इसलिए वो गैर-स्थानीय मजदूरों, कश्मीरी पंडितों और अन्य लोगों को निशाना बनाकर घाटी में आतंकी सक्रियता को बनाए रखना चाहता है।

## दिल्ली में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश के आसार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रिकॉर्ड 49 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किये जाने के एक दिन बाद सोमवार को यहां धूलभरी आंधी और हल्की बारिश होने के आसार हैं जिससे इस सप्ताह की शुरुआत से ही झुलसा देने वाली गर्मी से कुछ राहत मिलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में आज तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। यह राजधानी में रविवार को कुछ स्थानों पर दर्ज किये गये अधिकतम तापमान से कम से कम पांच डिग्री सेल्सियस कम रह सकता है। दिल्ली में आज आंशिक तौर पर बादल छाये रहने, धूलभरी आंधी तथा गरज-चमक के साथ आंधी आने के आसार हैं। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश भी हो सकती है। रविवार को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 49 डिग्री और 49.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा और राजस्थान की सीमा से सटे दिल्ली के इलाकों में तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गयी। दिल्ली के सफदरजंग में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली के टूरिस्टों की गाड़ी खाई में गिरी

## कुल्लू के घियागी के पास हुए हादसे में एक महिला समेत 4 लोगों की मौत, 3 घायल

एजेंसी

कुल्लू। हिमाचल के कुल्लू में औट-लुहरी एनएच-305 पर घियागी के पास दिल्ली के टूरिस्टों की गाड़ी 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 4 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर घायल हो गए हैं। मरने वालों में 1 महिला और 3 पुरुष शामिल हैं। 3 घायलों में 2 महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। हादसे की सूचना के बाद बंजार पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को बंजार अस्पताल पहुंचाया।





वहीं हादसे में मृत टूरिस्टों के शवों को भी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए बंजार अस्पताल भेज दिया है।

#### जलोड़ी पास घूमने निकले थे

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को दिल्ली के टूरिस्ट जिभी, जलोड़ी पास घूमने निकले थे। इस दौरान घियागी के पास उनकी गाड़ी करीब 200 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। क्षेत्र में कोई गांव या बस्ती ना होने के कारण रात को हादसे का पता नहीं चल पाया। सुबह जब सड़क पर काम करने वाली लेबर क्षेत्र में पहुंची तो उन्होंने खाई में गिरी गाड़ी को देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

एक घायल महिला पेड़ पर फंसी हुई थी। पुलिस ने रेस्क्यू कर उसे अस्पताल पहुंचाया, जबकि मृतकों के शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बंजार अस्पताल भेज दिया है।

## ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर मिला शिवलिंग

### कोर्ट के आदेश पर प्रशासन की टीम पहुंची, 9 ताले लगाकर साक्ष्यों को किया सील






एजेंसी

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के अंदर सर्वे टीम को शिवलिंग मिला है। यह बात सामने आने के बाद वाराणसी कोर्ट ने डीएम को आदेश दिया कि जिस जगह शिवलिंग मिला है, उसे तत्काल सील कर दें। वहां पर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया जाए। कोर्ट ने डीएम, पुलिस कमिश्नर और सीआरपीएफ कमांडेंट को यह आदेश दिया है।

कोर्ट ने इन अधिकारियों को जगहों को संरक्षित और सुरक्षित रखने की व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदारी दी है। इसके बाद प्रशासन की टीम वहां पहुंची और अदालत के आदेशानुसार 9 ताले लगाकर साक्ष्य को सील किया।

दरअसल, ज्ञानवापी में सर्वे के लिए तीसरे दिन टीम गई थी। बताया जा रहा है कि वहां टीम को शिवलिंग नजर आया।

सर्वे टीम में शामिल हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने तुरंत वाराणसी कोर्ट में एप्लीकेशन दी। इसमें कोर्ट को बताया गया कि वहां पर शिवलिंग मिला है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं।

#### मुस्लिम पक्ष ने कहा- फव्वारे को शिवलिंग बताया जा रहा

सर्वे करके बाहर आए मुस्लिम पक्ष के वकील ने हिंदू पक्ष के दावों का खारिज किया है। वकील ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं मिला। हम सर्वे से संतुष्ट हैं। कल, यानी 17 मई को कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी जाएगी। बता दें कि एडवोकेट कमिश्नर के नेतृत्व में वादी-प्रतिवादी पक्ष के 52 लोगों की टीम सुबह 8 बजे परिसर में एंट्री की। करीब 10:30 बजे सर्वे खत्म हुआ।

श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी प्रकरण के प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के एडवोकेट रईस अहमद अंसारी ने शिवलिंग मिलने के सवाल पर कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाना में एक फव्वारा लगा हुआ है। जिस संरचना को शिवलिंग बताया जा रहा है, वह वही फव्वारा है। बाकी सभी तरह के दावे झूठे हैं। मस्जिद के ऊपरी हिस्से में नमाज पढ़ी जाती है, वहां वजू करने की भी जगह है।

#### आदेश के संतुष्ट नहीं हूं, हाईकोर्ट में देंगे चुनौती

एडवोकेट रईस अहमद अंसारी ने कहा कि अदालत ने जल्दबाजी में आदेश दे दिया है। हम अदालत के इस आदेश से संतुष्ट नहीं हैं और हाईकोर्ट में उसे चुनौती देंगे।

सुप्रीम कोर्ट में भी मसाजिद कमेटी ने याचिका दाखिल की है। उस याचिका पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच मंगलवार को सुनवाई करेगी।

#### आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

मुस्लिम पक्ष की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने वाराणसी कोर्ट के सर्वे के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच कल सुनवाई करेगी।

#### आज सौंपी जा सकती है रिपोर्ट

कल सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

हालांकि, वकीलों का कहना है कि रिपोर्ट बनाने में समय लग सकता है। एडवोकेट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने कहा कि कमीशन की 5 दिन की कार्रवाई की रिपोर्ट बनानी है। पूरा प्रयास रहेगा कि कल रिपोर्ट अदालत में पेश कर दूं। हिंदू पक्ष के पैरोकार डॉ. सोहनलाल ने कहा कि नंदी जिसकी प्रतीक्षा कर रहे थे, वह बाबा मिल गए। इतिहासकारों ने जो लिखा था, वह सही था। जैसे ही बाबा मिले वैसे ही अंदर हर-हर महादेव का उद्घोष हुआ।

#### बाहर आकर हिंदू पक्ष बोला- अंदर बाबा मिल गए

**इससे पहले वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वे तीसरे दिन सोमवार को पूरा हो गया। सर्वे के बाद हिंदू पक्ष के पैरोकार डॉ. सोहनलाल बाहर आए तो उन्होंने बड़ा दावा किया। कहा, अंदर बाबा मिल गए... जिन खोजा तिन पाइयां। तो समझिए, जो कुछ खोजा जा रहा था, उससे कहीं अधिक मिला है। अब पश्चिमी दीवार के पास जो 75 फीट लंबा, 30 फीट चौड़ा और 15 फीट ऊंचा मलबा है, उसके सर्वे की मांग उठाएंगे।**

## गर्मी से राहत पाने के लिए शिमला का रुख

### 2 दिन में 1.40 लाख टूरिस्ट पहुंचे हिमाचल, वीकेंड पर होटलों की ऑक्युपेंसी 100 प्रतिशत

एजेंसी

शिमला। देश के मैदानी क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग इस गर्मी के बचने के लिए हिमाचल का रुख कर रहे हैं। हिमाचल की राजधानी शिमला में पिछले 2 दिनों में करीब 1 लाख 41 हजार 605 पर्यटक घूमने आए। इस वीकेंड पर शिमला के सभी 279 होटलों की ऑक्युपेंसी 100 प्रतिशत दर्ज की गई जो सोमवार को घटकर 49 प्रतिशत रह गई।

कोरोना के कारण 2 साल से मंदी की मार झेल रहे पर्यटन कारोबारियों को इस साल अच्छे कारोबार उम्मीद जगी है। मई के महीने में ही पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर कारोबार में भी उछाल आया है। गर्मी से राहत पाने के लिए देश के अलग-अलग कोने से लोग शिमला पहुंच रहे हैं। इससे शिमला और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ गई है।



#### 16,233 गाड़ियां शिमला आईं

शनिवार से आज सुबह 11 बजे तक 16,233 गाड़ियां शोघी बैरियर से शिमला के लिए आईं। रविवार से लेकर अब तक 14,288 गाड़ियां शिमला से शोघी बैरियर क्रॉस कर सोलन की ओर गई हैं।इसी तरह रविवार से लेकर अब तक 14288 गाड़ियां शिमला से शोघी बैरियर से वापस गई हैं। इधर, बारिश को लेकर मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने भी पर्यटकों को शिमला की ओर आकर्षित किया है। बारिश से एक और जहां शिमला का मौसम काफी सुहावना हो जाता है और वहीं यहां की हरियाली पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

सस्ती हुई बच्चों की वैक्सीन

## 840 से कम होकर 400 रुपए की हुई कोर्बेवैक्स वैक्सीन ; सरकारी सेंटर्स पर फ्री

नई दिल्ली। बच्चों को दी जाने वाली कॉर्बेवैक्स वैक्सीन की कीमत कम कर दी गई है। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी बायोलॉजिकल ई लिमिटेड ने इसकी कीमत 840 से घटाकर 250 रुपए की हे, लेकिन सारे टैक्स मिलाकर प्राइवेट सेंटर्स पर ये वैक्सीन 400 रुपए में मिलेगी। पहले ये प्राइवेट सेंटर्स पर 990 की मिलती थी। हालांकि, सरकार के वैक्सीनेशन अभियान के तहत स्कूलों में ये वैक्सीन फ्री दी जा रही है।

#### 12 से 14 के बच्चों के लिए कॉर्बेवैक्स वैक्सीन हुई यूज

इस साल 15 मार्च में जब भारत में 12 से 14 साल के बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू हुआ था। तब कॉर्बेवैक्स वैक्सीन का ही इस्तेमाल किया गया। उस समय कंपनी ने सरकार के लिए इसकी कुल कीमत 145 रुपए तय की थी।




#### बच्चों को सुरक्षित रखना है उद्देश्य

कपंनी ने कहा कि वैक्सीन की कीमत कम करने के साथ हमारा उद्देश्य इसे और ज्यादा किफायती बनाना है। इसके साथ ही बच्चों मे वायरस ज्यादा ना फैले और उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करे।

वहीं, अप्रैल में ड्रग रेगुलेटर ने 6 से 12 साल के बच्चों के लिए भारत बायोटेक के कोवैक्सिन के साथ-साथ 5 से 12 साल के बच्चों के लिए बायोलॉजिकल ई के कॉर्बेवैक्स को इमरजेंसी यूज ऑथराइजेशन को मंजूरी दी थी।

चिंतन शिविर

### कहा- आदिवासियों का इतिहास दबा रही भाजपा ; बांटने- कुचलने का काम हो रहा

## चिंतन के बाद बेणेश्वर धाम में राहुल गांधी की सभा

**बेणेश्वर/जयपुर।** राहुल गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को दबाने कुचलने का काम करती है। दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो कहती है सबकी रक्षा करनी है, सबको जोड़कर चलना है। दूसरी तरफ भाजपा है, बांटने का काम करती है, दबाने कुचलने का काम करती है।

भाजपा दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है। ? एक हिंदुस्तान अमीरों-उद्योगपतियों का और दूसरा गरीब आदिवासियों का। हम एक ही हिंदुस्तान के पक्ष में है। उदयपुर में तीन दिन के चिंतन शिविर में पार्टी में बदलावों का फैसला करने के बाद राहुल गांधी सोमवार को बेणेश्वर धाम में सभा संबोधित कर रहे थे।



राहुल ने कहा- आदिवासियों और कांग्रेस पार्टी का गहरा रिश्ता है। आपके इतिहास की हम रक्षा करते हैं। आपके इतिहास को मिटाना दबाना नहीं चाहते हैं, जब हमारी UPA की सरकार थी तो आपके लिए आपकी जमीन, जंगल, जल की रक्षा करने के लिए ऐतिहासिक कानून लाए। बेणेश्वर में जब मेला होगा तो मैं भी आना चाहूंगा। यह आदिवासियों का महाकुंभ होता है। मैं भी आंखों से देखना चाहता हूं, दर्शन करना चाहता हूं।

#### राजस्थान हेल्थ में सब प्रदेशों से आगे

राहुल गांधी ने गहलोत सरकार की तारीफ करते हुए कहा- राजस्थान की सरकार आदिवासियों के लिए काम कर रही है। राजस्थान हेल्थ में सब प्रदेशों से आगे है। यहां स्वास्थ्य के लिए 10 लाख का बीमा है। कोई भी राज्य सरकार हेल्थ के क्षेत्र में इतना काम नहीं कर रही है। इंग्लिश मीडियम स्कूल के बारे में गहलोत बता रहे थे। इसका आदिवासियों को बड़ा फायदा होगा है। वे कहीं भी रोजगार पा सकते हैं। मैं राजस्थान सरकार, अशोक गहलोत और मंत्रियों को बधाई देना चाहता हूं। आप गरीब लोगों के लिए काम कर रहे हो। आप शिक्षा, हेल्थ के लिए काम कर रहे हो।

#### गहलोत सबके लिए काम कर रहे

राहुल गांधी ने कहा- गहलोत सबके लिए काम कर रहे हैं। वे उद्योगपतियों के लिए काम नहीं कर रहे। बाकी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री चंद उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं। यहां सबके लिए काम कर रहे हैं । भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इस तरह काम नहीं कर रहे।

## शार्ट न्यूज

### देश विरोधी ताकतें चाहती है कि कश्मीर में होता रहे रक्तपात : रविंदर रैना

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष रविंदर रैना ने सोमवार को कहा कि कुछ देश विरोधी ताकतें चाहती हैं कि कश्मीर घाटी में यूं ही रक्तपात होता रहे। पुलवामा जिले के गटवारा में 13 मई को हुए आतंकवादी हमले मे मारे गये पुलिसकर्मी रियाज़ अहमद ठाकुर के घर पर परिजनों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री रैना ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, हमारे पड़ोसी देश यह नहीं चाहता कि कश्मीर घाटी में लोग शांति से जीवनयापन करें। रियाज़ अहमद ठाकुर ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी और अब हम सबका कर्तव्य है कि उसके परिवार के जीवनयापन और बच्चों के परवरिश की पूरी व्यवस्था करें। सरकार और पुलिस विभाग श्री रैना के परिजनों की ख्याल रखेंगे। उनके बच्चे अब हमारे बच्चे हैं और यह हमारा दायित्व है कि हम उनकी देखभाल करें। रैना ने कहा, हमारा पड़ोसी देश नहीं चाहता कि कश्मीर के लोग शांति से जिये और उनके बच्चे समृद्ध हों। कुछ दुश्मन ताकतें चाहती हैं कि कश्मीर में यूं ही रक्तपात होता रहे । इस तरह से की जाने वाली हत्याएं उनके षडयंत्र का ही परिणाम हैं। ऐसे लोग शांति और मानवता के दुश्मन हैं।

### शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे कश्मीरी पंडितो के खिलाफ बल प्रयोग न्यायसंगत नहीं

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शनक कर रहे कश्मीरी पंडितों के खिलाफ बल प्रयोग के मामले में जांच के आदेश दिये जाने के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि कश्मीर पंडित पत्थरबाज़ नहीं है और उनके खिलाफ बल प्रयोग की कोई जरूरत नहीं थी। अब्दुल्ला ने सवाल किया कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे कश्मीरी पंडितों के खिलाफ बल प्रयोग क्यों किया गया? उन लोगों के खिलाफ लाठीचार्ज करना और आंसू गैस के गोले छोड़ना सवाल खड़े करता है जो शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जता रहे थे। कश्मीरी पंडित केवल प्रदर्शन कर रहे थे तो उसके खिलाफ बल प्रयोग की क्या जरूरत थी? डॉ अब्दुल्ला ने कहा, पीपुल्स एलाइंस फॉर गुपकार डिकलरेशन( पीएजीडी) की रविवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात का मुख्य उद्देश्य उन्हें इस बात से अवगत कराना था कि कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब है और कश्मीर घाटी में शांति नहीं बन पा रही है। तरीकबन रोजाना ही लोगों मर रहे हैं कहीं पुलिसकर्मियों द्वारा तो कहीं नागरिकों द्वारा।कश्मीरी पंडित शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करके सुरक्षित आसरे की ही तो मांग कर रहे थे जहां वह सुकून के साथ रह पायें। हमने उपराज्यपाल के समक्ष इन सभी मांगों को उठाया और कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरीकदम उठाये जाने की मांग की।

### कार खाई में गिरी महिला समेत चार की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक कार के गहरी खाई में गिरने से एक महिला सहित चार पर्यटकों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि कुल्लू जिले में कल देर रात एक कार अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गयी है। जिसमें एक महिला समेत दिल्ली से आये चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने आज सुबह पुलिस को सूचित किया। कार राजमार्ग-305 पर बंजार के घियागी के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई। घायलों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घायलों को बंजार अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।

### पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो चोर पकड़े, 22 मोटरसाइकिल बरामद

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने सोमवार को एक अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर अंबाला जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 22 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने का दावा किया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपियों के नाम ठाकुर कपूर और गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी हैं। दोपहिया वाहन चोर का यह गिरोह हरियाणा के अंबाला और उससे सटे पंजाब के लालड़ू, डेराबस्सी, मोहाली, हंडेसरा आदि इलाकों में सक्रिय था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने हाल के समय में 28 मोटरसाइकिल चुराई हैं जिनमें से 22 की बरामदगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच और गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### चित्तौड़गढ़ में दस वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में पारसोली थाना क्षेत्र में एक दस वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के एक गांव में गत रात एक विवाह समारोह में बिंदोली निकली जा रही थी जहां यह बालिका गायब हो गयी। बालिका के परिजन एवं ग्रामीणों के उसे तलाशने के दौरान देर रात एक बजे बिंदोली में शामिल एक युवक बालिका को घटनास्थल पर छोड़कर भागने लगा लेकिन ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसकी पिटाई भी की और पुलिस को सुचना दी लेकिन पुलिस के आने से पहले ही आरोपी ग्रामीणों को चकमा देकर भाग निकला। बाद में बालिका को बेंगू अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसके साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि की। परिजनों की रिपोर्ट पर आज पारसोली थाने पर आरोपी के विरुद्ध पॉस्को एवं एसटीएससी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान कर ली गई है और तलाश की जा रही है।

### राहुल एवं गहलोत ने बेणेश्वर धाम हाई लेवल ब्रिज का शिलान्यास किया

डूंगरपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने डूंगरपुर में बेणश्वर धाम हाई लेवल ब्रिज का आज शिलान्यास किया। राहुल एवं गहलोत ने 132 करोड़ की लागत से बनने वाले हाई लेवल पुल का डेमो देखा और पुल के बारे में जानकारी ली। इसके बाद दोनों ने हाई लेवल पुल के शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इससे पहले राहुल एवं गहलोत उदयपुर से हेलीकॉप्टर से बेणेश्वर धाम पहुंचे जहां कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे बेणेश्वर धाम पर वाल्मिकी मंदिर में दर्शन किये और पूजा अर्चना की। इसके पश्चात वे बेणेश्वर धाम शिवालय जाकर मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। इसके बाद गांधी एवं गहलोत ने संत मावजी महाराज के संग्रहालय का अवलोकन भी किया। अनावरण के दोनों जनसभा के लिए रवाना हो गए।

### कोटा में नगर निगम एवं न्यास की रस्साकशी में नहीं मिल रही ट्रेंचिग ग्राउंड़ के लिये जमीन

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में नया ट्रेंचिंग ग्राउंड विकसित करने के लिए जमीन की उपलब्धि का मुद्दा कोटा नगर विकास न्यास और कोटा नगर निगम के बीच की रस्साकशी में उलझा हुआ है। कहने को तो पूरा कोटा शहर दोनों नगर निगमों उत्तर एवं दक्षिण के तहत आता है और कुल 150 वार्ड में बंटा हुआ है जिसमें कोटा उत्तर के 70 और दक्षिण नगर निगम के 80 वार्ड शामिल है लेकिन सच्चाई यह है कि इस शहरी क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में प्लॉट के रूप में ही कोटा नगर निगम के पास भूखंड ही मौजूद है जिनमें शहर के आसपास ऐसा कोई भी उचित स्थान नहीं है जिस पर नया ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थापित किया जा सके। सारी बड़ी जमीन कोटा नगर विकास न्यास के पास है, जिनमें शहर के आसपास का क्षेत्र भी शामिल है, के विशाल मैदान कोटा नगर विकास न्यास के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार, अब दिक्कत यह है कि नगर विकास न्यास कोटा नगर निगम को ऐसे स्थानों पर नए ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाने के लिए भूमि आवंटित करने की पेशकश करता है जो निगम के लिए ज्यादा लाभकारी नहीं है क्योंकि ऐसी जमीन या तो शहरी सीमा से काफी दूर होती है अथवा आसपास पहले से बसे गांवों के लोगों के कड़े प्रतिरोध के कारण नगर निगम के लिए महत्वहीन साबित हो जाती है। वर्तमान में बसे शहरी क्षेत्र के आसपास की रीति पड़ी जमीनों को नगर विकास न्यास देना नहीं चाहता। मजबूरी यह है कि इन जमीनों को बेचकर ही वह अपना व्यय वहन करती है। राजस्थान में कोटा का नगर विकास न्यास ऐसा स्वायत्तशासी संस्था है जो अपने अधिकार क्षेत्र के बेशकीमती भूखंड़ बेचकर उससे होने वाली आय के बूते पर आत्मनिर्भर है।

# त्रिपुरा की नई कैबिनेट में दो नए चेहरे, 9 पुराने मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी

**अगरतला।** त्रिपुरा में मुख्यमंत्री बदलने के एक दिन बाद ही 11 विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। इनमें से 9 पुराने चेहरे हैं। बता दें कि माणिक साहा त्रिपुरा के नए मुख्यमंत्री बने हैं। वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। सोमवार को अगरतला में राजभवन में 11 विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली।

गवर्नर सत्यदेव नाराण आर्य ने जिन विधायकों को मंत्रिपद की शपथ दिलाई उनमें जिश्नु देववर्मा, रतन लाल नाथ, प्राणजित सिंह रॉय, मनोज कांति देव, शांतना चाकमा, राम प्रसाद पॉल, भगवान चंद्र दास, सुशांत चौधरी, एनसी देववर्मा शामिल हैं। दो नए मंत्रियों में रामपदा जमातिया और प्रेम कुमार रियांग को शामिल किया गया है।



जमातिया पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देव की सरकार में फिशरीज मिनिस्टर रह चुके हैं। जमातिया भाजपा के एसटी मोर्चा के दिग्गज नेता हैं। वहीं प्रेम कुमार रियांग आईपीएफटी विधायक हैं। व ह कंचनपुर विधानसभा से चुनकर आए थे। जिश्नु वर्मा उपमुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे। शपथ ग्रहण के बाद रामपदा जमातिया ने रिपोर्ट्स से कहा कि नए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। मैं विधायक के तौर पर काम कर चुका हूं और अब मंत्री के रूप में काम करना है। सब साथ रहेंगे तो निश्चित तौर पर विकास होगा। प्रेम कुमार ने कहा, जो भी काम मुझे दिया जाएगा मैं जिम्मेदारी सेउसका निर्वहन करूंगा। मुझे अपने क्षेत्र में पेय जल और शिक्षा के लिए काम करना है।

साल 2018 में जब बिप्लव देव मुख्यमंत्री बने थे तो 12 में से केवल 9 सीटें ही भरी थीं। इसके एक साल बाद ही स्वास्थ्य मंत्री सुदीप रॉय वर्मन ने इस्तीफा दे दिया।

बताया जाता है कि पूर्व मुख्यमंत्री से मतभेद के चलते उन्हें कैबिनेट से हटा दिया गया था।

पिछले साल देव ने तीन नए मंत्री कैबिनेट में शामिल किए थे। इसमें राम प्रसाद पॉल, सुशांत चौधरी और भगवान दास शामिल थे।

## आर्टिकल 370 को नहीं हटाया जा सकता, यह जम्मू और कश्मीर के भारत में मिलने का आधार : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक बार फिर अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाया है। उन्होंने रविवार को कहा कि इसे हटाया नहीं जा सकता, क्योंकि यह जम्मू और कश्मीर के भारत में विलय का आधार बना था। खास बात है कि अब्दुल्ला का बयान ऐसे समय पर आया है, जब सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 370 को हटाने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है।

एजेंसी के अनुसार, अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 को संविधान का अस्थाई प्रावधान



बताया है। सूरनकोट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, उस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव ले जाया गया था। उस प्रस्ताव के आधार पर अनुच्छेद 370 को स्थायी दर्जा नहीं दिया गया।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन जब आप कहते हैं कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इसे इससे अलग नहीं किया जा सकता, तो आप उस आधार को नहीं हटा सकते जिसकी वजह से यह देश का अभिन्न अंग बना है। हालांकि, उन्होंने इस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा से इनकार कर दिया और कहा कि यह मामला कोर्ट में है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश गर्मियों की छुट्टी के बाद मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गए हैं।

अब्दुल्ला ने कहा, उन्हें सुनवाई की शुरुआत करने दीजिए और हम हमारा मामला उनके साथ रखेंगे। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ कोर्ट में करीब दो दर्जन याचिकाएं दाखिल हुई हैं। इनमें से एक नेशनल कॉन्फ्रेंस के लोकसभा सांसद मोहम्मद अकबर लोन और हसनैन मसूदी ने दाखिल की है। इस दौरान उन्होंने जम्मू और कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के मुद्दे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी राज्य को कम कर यूटी में बदलने का ऐसा उदाहरण पहले नहीं था। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश बटे, लेकिन उन्हें यूटी नहीं बनाया गया। एनसी नेता ने कहा, कोई नेता यह नहीं समझा सकता कि ऐसा क्यों किया गया क्योंकि इस मुद्दे पर भी चुनाव भी नहीं लड़े गए थे। अगर भाजपा इसके बारे में अपने घोषणापत्र में कुछ कहती, तो भी मैं समझ जाता।

## नशे के खिलाफ उच्च हिमालयी क्षेत्र के 25 गांवों की अनोखी पहल

नैनीताल। चीन सीमा से सटे पिथौरागढ़ जिले के उच्च हिमालयी क्षेत्र में मुनस्यारी के 25 गांवों ने नशे के खिलाफ अनोखी पहल शुरू की है। इन गांवों ने सरकार का मुंह देखने के बजाय अपने गांवों को खुद नशा मुक्त करने का निर्णय लिया है।

पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के सरमोली के 25 गांवों के ग्रामीणों ने तय किया है कि प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाली चरस (भांग) की खेती को वह खुद नष्ट करेंगे। जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में ग्रामीणों ने तय किया कि नाप भूमि में उगने वाले भांग की खेती को ग्रामीण खुद नष्ट करेंगे जबकि बेनाप भूमि में होने वाली खेती को ग्राम प्रहरी द्वारा नष्ट किया जायेगा। मर्तोलिया ने बताया कि यह भी तय किया गया कि जो भूमिधर ऐसा नहीं करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। साथ ही अपने गांव को चरस मुक्त करने वाले ग्राम प्रहरी को मुनस्यारी रत्न से नवाजा जायेगा।

उन्होंने कहा कि यह भी तय किया गया कि नाप भूमि पर यदि किसी गाँव में कहीं भी भांग के खेती या फि उसकी पौध दिखायी देगी तो ग्राम प्रहरी को जिम्मेदारी दी गयी है कि वह रिपोर्ट देगा और फिर राजस्व एवं नागरिक पुलिस द्वारा भूमि धारक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। जबकि बेनाप भूमि में खेती मौजूद रहेगी तो ग्राम प्रहरी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

## कांग्रेस जोडने वाली एवं भाजपा बांटने वाली पार्टी है : राहुल गांधी

डूंगरपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस को जोडने वाली तथा भारतीय जनता पार्टी भाजपा को बांटने वाली पार्टी बताते हुए कहा है कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में बेहत्तर कार्य कर रही हैं।

बैणेश्वर धाम में पुल का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुये श्री गांधी ने आज कहा कि हम कमजोर लोगों के लिए तथा भाजपा गिने. चुने उद्योगपतियों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि हमने इतिहास एवं सस्कृति को बदलने का कभी काम नहीं किया। कांग्रेस सरकारें विकास के रास्ते पर चलती है। राजस्थान में भी कांग्रेस सरकार शिक्षा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहत्तर कार्य कर रही है।

गांधी ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलने से भी आदिवासियों को काफी फायदा मिलेगा।

उन्होंने बैणेश्वर में 132 करोड की लागत से बनने पुल का जिक्र करते हुए कहा कि इसके बनने के बाद बारिश में आदिवासियों को आवागमन में बाधा नहीं आएगी।

## ईटानगर में भूस्खलन, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

एजेंसी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में रविवार रात भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के कम से कम तीन सदस्यों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। उसे बताया कि डी-सेक्टर में पंजाबी ढाबे के पीछे स्थित एक कच्चे मकान पर चट्टान का बड़ा हिस्सा गिर गया जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

ईटानगर थाना प्रभारी फसांग सिमी ने कहा, भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में चट्टान का एक बड़ा हिस्सा एक कच्चे मकान के ऊपर आ गिरा। इसमें रहने वाले एक ही परिवार के नौ सदस्यों में से तीन जिंदा दफन हो गए और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

उन्होंने कहा, बचाव दल में अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी, स्थानीय पुलिस तथा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के कर्मी शामिल थे। स्थानीय लोगों और मशीनरी की मदद से दो शव बरामद किए, जिनमें एक लड़के की पहचान तापस राय (15) और दूसरे की पहचान 50 वर्षीय नागेन बर्मन के रूप में हुई है। कुसुम राय नाम की एक महिला की तलाश की जारी है।

थाना प्रभारी ने कहा, ईटानगर और नाहरलगुन के बीच सोमवार सुबह शिव मंदिर क्षेत्र के पास मोदिरिजो गांव में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो घर बह गए। इस घटना में हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सिर्फ राजधानी ईटानगर ही नहीं, बल्कि राज्य के अन्य हिस्सों में लगभग एक सप्ताह से हो रही लगातार भारी बारिश से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

इस बीच, ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स जिला प्रशासन ने निरंतर बारिश की इस स्थिति को देखते हुए भूस्खलन वाले संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से इन इलाकों को खाली करने और किसी सुरक्षित स्थान या राहत शिविरों में जाने की अपील की है। गौर करने वाली बात है कि जिला प्रशासन की ओर से फिलहाल ईएसएस सेक्टर (ईटानगर) में गर्वनमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, कंकर नाला (नाहरलागुन) में गर्वनमेंट मिडिल स्कूल, और बंदरदेवा में निकम निया हॉल के सभागार में तीन अस्थायी राहत शिविर चलाए जा रहे हैं।

इसके साथ ही प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (डीईओसी) से टोल फ्री नंबर 1077, 878-7336331, 9436415828 पर संपर्क करने को कहा है।

## मान ने शुरू किया 'लोक मिलनी', सीधे सुनेंगे जनता की समस्याएं

एजेंसी

चंडीगढ। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज से जनता की समस्याएं सीधे सुनने के लिए 'लोक मिलनी' कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की।

मान ने ट्वीट करते हुए कहा कि पंजाब के लोग उनसे सीधे संपर्क कर सकेंगे और पंजाब भवन में उनके मुद्दों को 'लोक मिलनी' के तहत सुना जाएगा। उधर, पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'जनता



दरबार' तहसील और उप तहसील स्तर विधायकों समेत सरकारी अधिकारियों के शामिल होने से सफल होते हैं। सत्ता का विकेंद्रीकरण लोकतंत्र का सच्चा सार है।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि एक व्यक्ति 3 करोड़ पंजाबवासियों की समस्याएं दूर नहीं कर सकता लेकिन विकेंद्रीकृत प्रयासों से यह हो सकता है।

उन्होंने यह भी सवाल किया है कि लोग घंटों की यात्रा कर क्यों आएंगे कि एक व्यक्ति उनकी समस्याएं सुनेगा इसके बजाय सरकार क्यों नहीं उनके दरवाजे जाती जिससे समय और ऊर्जा बचे। उन्होंने ई प्रशासन को भी एक बेहतर समाधान बताया और कहा कि एक व्यक्ति सिंफनी नहीं बजा सकता, उसके लिए ऑर्केस्ट्रा लगती है।

## मेवात क्षेत्र की अलग पहचान बनाने के प्रयास करने के दिए गए निर्देश

जयपुर। राजस्थान में मेवात क्षेत्र की अलग पहचान बनाने के लिए इस क्षेत्र के लोगों को हस्तशिल्प, दस्तकारी एवं महिला सहायता समूहों के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण की सुविधा एवं तैयार उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए है।

मेवात क्षेत्रीय विकास बोर्ड की आज यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली की उपस्थिति में बोर्ड अध्यक्ष जुबैर खान की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही आधारभूत संरचना, उत्पाद केन्द्र एवं जगह-जगह पर हाट बनाए जाने के प्रस्ताव भी लिए जाने के निर्देश भी दिए गए।

जूली ने मेवात क्षेत्र के विकास कार्य के लिए आवंटित बजट में विधानसभावार अनुशंसा के आधार पर प्रस्ताव लेकर नए निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।

क्षेत्र में नन्दीशाला, गौशालाओं के निर्माण व पुनर्वास की प्राथमिकता के लिए प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। बैठक में खान ने मेवात क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के स्तर में सुधार के प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके लिए स्थानीय लोगों की काउंसलिंग कर इसके प्रति उन्हें जागरूक किए जाने पर जोर दिया।

मेवात क्षेत्र में स्थानीय युवाओं व महिला स्वयं सहायता समूहों को रोजगार व जीवन यापन के लिए लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना एवं आवश्यक संसाधन विकास हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

## मध्यप्रदेश में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर लू के आसार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी समेत सम्पूर्ण राज्य में गर्मी के सख्त तेवर के बीच अगले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर लू चलने के आसार हैं।

सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में गर्मी सख्त तेवर दिखा रही है। राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। भीषण गर्मी के असर से राज्य के अधिकांश स्थानों पर दोपहर के समय सड़के सूनसान देखी गयी। राज्य के पूर्वी हिस्से में आने वाले खजुराहो और नौगांव में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 47़ 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। इसी अंचल में आने वाले सतना 46़ 1, सीधी में 45़ 4, दमोह 45़ 2, उमरिया में 44़ 2, जबलपुर में 43़ 9, टीकमगढ़ में 43़ 8, नरसिंहपुर 43़ 6, सागर में 43़ 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इसी प्रकार राज्य के पश्चिमी हिस्से में आने वाले दतिया जिले में 47़ 0, ग्वालियर में 46़ 6, खरगोन 44़ 5, राजगढ़ 44़ 3, शाजापुर 44़ 4, भोपाल 43़ 9, रायसेन 43़ 8, खंडवा 43़ 5, धार 42़ 2, नर्मदापुरम 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर लू चलने का अनुमान है। चंबल, ग्वालियर, रीवा, सागर संभागों के जिलों के अलावा रतलाम, राजगढ़, खंडवा, खरगोन तथा राजधानी भोपाल में लू चलने का अनुमान है। इसी प्रकार महाकोशल अंचल में आने वाले छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, कटनी के अलावा छतरपुर, पन्ना, दमोह तथा अनूपपुर जिले में कहीं-कहीं हल्की वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। इन स्थानों पर हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चलने का अनुमान है। राजधानी भोपाल में आज भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा है। यहां अगले चौबीस घंटों के दौरान आंशिक रुप से बादल छाये रहने का अनुमान है।

## सबके लिए थी संबल योजना, कमलनाथ सरकार ने कर दी थी बंद : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज संबल 2.0 योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना के तौर पर हर वर्ग और समाज के लिए संबल योजना बनाई, लेकिन कमलनाथ सरकार के समय में उसे बंद कर दिया गया।

चौहान ने सिंगल क्लिक के माध्यम से इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि ये योजना उन्होंने 2018 में बनाई, लेकिन बीच में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आ गई। यह योजना बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस योजना में गरीबों का पंजीयन किया था, कोई भी मज़दूरी करने वाले का, भले ही वह किसी भी जाति-समाज का हो।

चौहान ने कहा कि सरकार ने उस समय रजिस्ट्रेशन का अभियान चलाया। लोगों के आवेदन लिए और कार्ड बना के दिए। युद्ध स्तर पर योजना का लाभ देना शुरू किया गया, लेकिन दुर्भाग्य से प्रदेश में सरकार बदल गई।

### कांग्रेस की मांग साधारण, बैलट बॉक्स से कराएं चुनाव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज भारतीय जनता पार्टी पर ईवीएम की बदौलत चुनाव जीतने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की बैलट बॉक्स से चुनाव कराने की साधारण सी मांग है। कमलनाथ ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा 300 सीटें जीतती है, लेकिन वो केवल ईवीएम से क्यों जीतना चाहती है। अमेरिका, यूरोप, जापान जैसे देशों में ईवीएम है क्या। जर्मनी ने तो ईवीएम से चुनाव नहीं कराने के लिए संविधान में संशोधन तक कर दिया।

## खरगोन के एक ही परिवार के 3 लोगों सहित चार की मृत्यु ,एक घायल

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिला मुख्यालय निवासी परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की कल महाराष्ट्र के अहमद नगर मनमाड़ महामार्ग पर एक सड़क हादसें में मृत्यु होने की घटना पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुःख व्यक्त किया है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के अहमदनगर क्षेत्र के राहुरी तहसील के अंतर्गत अहमद नगर मनमाड़ महामार्ग पर गुहा फाटे के समीप महाराष्ट्र राज्य परिवहन की बस तथा एक कार में आमने सामने हुई भिड़त में खरगोन जिला मुख्यालय के सौमित्र नगर निवासी विपुल तारे की मां रंजना तारे (64), पत्नी प्रतीक्षा




(31), पुत्र लुनय (7 माह) और कार चालक जगदीश राठौड़ (40) की मृत्यु हो गई थी तथा विपुल तारे भी मामूली रूप से घायल हुए। हादसे के समय तारे परिवार शिर्डी स्थित मंदिर के दर्शन के उपरांत पुणे जा रहा था।

आज खरगोन जिला मुख्यालय पर विपुल तारे ने अपनी मां, पत्नी तथा पुत्र के शवों को मुखाग्नि दी। विपुल तारे तथा उनकी पत्नी प्रतीक्षा पुणे स्थित एक कंपनी में कार्यरत थे और वहां नौकरी ज्वाइन करने जा रहे थे। हादसे के बाद महाराष्ट्र राज्य परिवहन की बस के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस दुखद हादसे पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के माध्यम से शोक व्यक्त करते हुए कहा कि

सड़क दुर्घटना में खरगोन के एक ही परिवार के 4 अमूल्य जिंदगियों के असमय निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति दें।

### सड़क हादसे में एक परिवार के चार लोगों की मौत होने पर नरोत्तम ने शोक व्यक्त किया

भोपाल। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र ने महाराष्ट्र में हुए एक सड़क हादसे में खरगोन के एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। डॉ मिश्र ने आज ट्वीट के माध्यम से कहा कि खरगोन के एक ही परिवार के 4 सदस्यों की महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में निधन की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। मैं परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

## शार्ट न्यूज

### क्रूर मुगल सम्राटों द्वारा ध्वस्त किए गए मंदिरों पर बनाई मस्जिदे खाली की जाए अन्यथा सरकार सर्वे करवाए : यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट

**नई दिल्ली।** यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने देशभर की उन 10 इमारतों को हिन्दुओं को सौंपने की मांग करते हुए कहा कि हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त करके बनाई गए मस्जिदों और इमारतों को यदि हिन्दुओं को नहीं सौंपा जाता तो सरकार ज्ञानवापी मस्जिद की तरह सर्वे करवाकर सच सामने लाए। फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जय भगवान गोयल ने आज यहां कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद की तरह ही कुतुब मीनार परसिर की कुब्बत उल इस्लाम, शाही ईदगाह मथुरा, अटाला मज्जित मालदा, बीजा मंडल विदिशा, जामा मस्जिद दिल्ली, कमालुद्दीन भोजशाला, जामा मज्जित पाटन और ताजमहल आगरा के नीचे हिन्दू मंदिर होने की सच्चाई ऐसे ही सामने आएगी जैसे ज्ञानवापी की आई है। उन्होंने कहा कि जामा मस्जिद के नीचे हनुमान मंदिर होने का सत्य खुदाई के बाद अपने आप सामने आ जाएगाद्य यहां तक शाही ईदगाह मथुरा का प्रश्न है, हमने माननीय न्यायालय में भी लिख कर दिया हुआ है कि यहां हिंदुओं के अतिरिक्त सभी की एंट्री बंद की जाए ताकि वे वहां पर्याप्त मात्रा में मौजूद साक्ष्यों को मिटा ना सकें। गोयल ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को भी समाप्त करने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि हम बचपन से सुनते आ रहे है कि हिन्दू- मुस्लिम- सिख- ईसाई सभी है भाई-भाई। यदि सभी एक है तो सभी के लिए कानून भी देश में एक ही होना चाहिए।

### गढ़वाल भवन नई दिल्ली में हुआ 15वा घुंघरू नृत्य कला केंद्र महोत्सव 2022 का आयोजन



**नई दिल्ली।** घुंघरू नृत्य कला केंद्र की ओर से गढ़वाल भवन नई दिल्ली मे एक भव्य सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मशहूर कत्थक नर्तक श्री वाई पी एस रावत, डॉ सुमिता दत्ता रॉय, चन्द्रिका अग्रवाल, साक्षी सैनी, गंगा ठाकुर, धनन्जय कुकरेती, शिवदत्त पंत और अन्य कलाकरो ने भाग लिया, सर्वप्रथम समाज सेवक प्रभुदत्त कुकरेती जी ने दीप प्रजवलित करके कार्यकर्म का शुभारंभ किया। श्री रावत द्वारा प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना ने दर्शको को मंत्र मुग्द कर दिया। राबीम न्यूज़ से आये सुरेंद्र प्रताप, समिता ओर गौरवशाली भारत से आये प्रफुल रॉय शिवालिक ने भारतीय संस्कृति का आनन्द उठाया। कत्थक मे सभी छोटे बड़े कलाकारों ने बहुत ही अच्छी प्रृस्तितिया दी। श्री रावत ने उत्तराखंड और भोजपुरी लोक नृत्य करके दर्शको को मंत्र मुग्द कर दिया। घुंघरू नृत्य कला केंद्र की ओर से श्री रावत को नृत्य शिरोमणि सम्मान से नवाज़ा गया।

### घर घर जाकर खोली जा रही केजरीवाल की पोल : रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी पिछले कई दिनों से भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पोल- खोल अभियान के तहत दिल्ली सरकार की घर - घर जाकर पोल खोल रहे है। इसके तहत भाजपा के कार्यकर्ता दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सरकार के झूठे वादे और नाकामियों की फेहरिस्त जनता के सामने रख रहे हैं। इसी कड़ी में स्वयं दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी भी मैदान में उतर गए हैं। इस पोल - खोल अभियान के तहत रमेश बिधूड़ी ने अपने संसदीय क्षेत्र के लालकुआँ आई ब्लाक प्रहलादपुर, गोला कुआ तेहखंड में लोगों के घर घर जाकर केजरीवाल सरकार की पोल खोली है। इस मौके पर सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल ने चुनाव जीतने के लिए दिल्ली की जनता के साथ झूठे वादे किए। केजरीवाल ने दिल्ली को पेरिस लंदन जैसा बनाने का वादा किया था। दिल्ली में रहना लोगों के लिए अब मुश्किल होता जा रहा है। इस सरकार ने प्रदूषण को हल नहीं किया। सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार के सूचना व प्रचार विभाग से प्राप्त की जानकारी के आधार पर केजरीवाल की नाकामियों जनता तक पहुंचा रहे हैं। 12 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था। 500 नए स्कूल बनाने का वादा किया था। दिल्ली सरकार ने अपने शासनकाल में अभी तक सिर्फ एक अस्पताल बनाया है। नल से जल देने का वादा भी झूठा साबित हुआ है। इस समय गर्मी के मौसम में दक्षिण दिल्ली के संगम विहार, देवली, तिगड़ी में पानी की भारी किल्लत है। ऐसी स्थिति दिल्ली के और भी इलाकों की हैं। इस पोल खोल अभियान में पूर्व निगम पार्षद राजपाल पोषवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश सिसोदिया व सम्मानित निवासी शामिल रहें।

# देश कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा को लेकर चिंतित, कश्मीर उनका घर है, कश्मीरी पंडितों के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज करना और आंसू गैस के गोले दागना गलत : अरविंद केजरीवाल

**यह राजनीति करने का नहीं, कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने का समय है, उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करे केंद्र सरकार : अरविंद केजरीवाल**

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि देश, कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। कश्मीर उनका घर है। कश्मीरी पंडितों के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज करना और आंसू गैस दागना गलत है। यह राजनीति करने का नहीं, कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा देने का समय है। केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा की व्यवस्था करे। कश्मीरी पंडित कश्मीर में सुरक्षा चाहते हैं, लेकिन राहुल भट्ट की हत्या ने उन्हें भयभीत कर दिया है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मांग की कि इस हादसे पर नाराजगी जता रहे लोगों पर जिन अफसरों ने लाठियां बरसाई और आंसू गैस छोड़े, उन्हें तुरंत बर्खाश्त किया जाए। अगर कश्मीर में रह रहे लोगों को वहां सुरक्षा नहीं मिलेगी, तो फिर देश के दूसरे हिस्सों में रह रहे कश्मीरी पंडित किस भरोसे पर वापस आकर रहने की सोचेंगे। देश के विभिन्न राज्यों में बसे कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा और उनके पुनर्वास के लिए हम सबको मिलकर काम करना है।

#### कश्मीरी पंडित वहीं अपना घर बसाना चाहते हैं, लेकिन इस हादसे के बाद सभी भयभीत और डरे हुए हैं : अरविंद केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राहुल भट्ट के कत्ल के मामले में आज एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले कश्मीर में एक सरकारी मुलाजिम राहुल भट्ट जी की हत्या कर दी गई। कुछ आतंकवादी उनके ऑफिस में गए, उनका नाम पूछा और उन्हें गोली मार दी।

ऐसा लगता है कि वो ये सोच कर आए थे कि किसी कश्मीरी पंडित को ही निशाना बनाना है। हमारी सेना ने 24 घंटे के अंदर वहां दो आतंकवादियों को ढूंढकर उन्हें मार गिराया। पर आज पूरा देश इस बात से चिंतित है कि कश्मीर में आज भी कश्मीरी पंडित सुरक्षित क्यों नहीं है?

बहुत सारे कश्मीरी पंडित युवाओं को वहां एक विशेष पैकेज के तहत नौकरियों के लिए भेजा गया था। ये लोग वहां शांति के साथ रहना चाहते थे। वो उनका घर है, वो वहीं अपना घर बसाना चाहते हैं और अपने बच्चों के साथ रहना चाहते हैं। लेकिन इस हादसे के बाद वहां रहने वाले सभी कश्मीरी पंडित भयभीत हैं, डरे हुए हैं।

#### इस हादसे पर नाराजगी जता रहे लोगों पर लाठियां बरसाई गई और टीयर गैस छोड़े गए, यह सही नहीं है : अरविंद केजरीवाल

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस हादसे पर नाराजगी जताने के लिए जब वो लोग प्रदर्शन कर रहे थे, तो उन्हें रोका गया। उन पर लाठियां बरसाई गई, उन पर टीयर गैस छोड़े गए और उनकी ही कॉलोनी में ताला बंद कर दिया गया। क्यों, यह सही नहीं है। जिन अफसरों ने यह किया, उन्हें तुरंत बर्खाश्त किया जाए। यह राजनीति का वक्त नहीं है। यह राजनीति का नहीं, देश का मुद्दा है। कश्मीरी पंडित सुरक्षा चाहते हैं। उनका परिवार, उनके लोग वहां सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। अगर कश्मीर में रह रहे लोगों को वहां सुरक्षा नहीं मिलेगी, तो फिर देश के दूसरे हिस्सों में रह रहे कश्मीरी पंडित वहां वापस आकर कैसे रह पाएंगे। किस भरोसे पर वो वापस अपने घर कश्मीर में आकर रहने की सोचेंगे।

#### प्रदर्शन करने वाले कश्मीरी पंडितों पर लाठी न चलाई जाए, हमें उन्हें गले लगाना है, वो हमारे अपने है : अरविंद केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी केंद्र सरकार से गुजारिश है कि कश्मीरी पंडितों को वापस कश्मीर में बसाने के लिए जो भी सुरक्षा व्यवस्था करनी पड़े, वो करे। इसके लिए जितना भी खर्च करना पड़े, वो खर्च किया जाए और प्रदर्शन करने वाले कश्मीरी पंडितों पर लाठी न चलाई जाए। हमें उन्हें गले लगाना है। वो हमारे अपने हैं। उन पर टीयर गैस के गोले नहीं छोड़ने हैं।

आतंकी और देश के दुश्मन यह समझ लें कि अगर उन्होंने कश्मीरी पंडितों के उपर गलत इरादे से देखा भी, उन्हें भारत बक्शेगा नहीं। आज देश के विभिन्न राज्यों में कश्मीरी पंडित बसे हुए हैं, दिल्ली में भी हैं। उनकी सुरक्षा और उनके पुनर्वास का हम सबको एक साथ मिलकर काम करना है। पूरा देश अपने कश्मीरी भाई-बहनों के साथ खड़ा है।

# दूसरो के प्रति उदार एवम् खुद के प्रति कठोर बनें : गोविंदाचार्य






**आनंद राय गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के 18 वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम कंस्टीटूशन क्लब, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के नाते श्री एन.के सिंह जी वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री के. एन गोविंदाचार्य ने कहा कि दूसरों के प्रति उदार एवम् खुद के प्रति कठोर बनने की जरूरत है। हर साल की भांति इस साल भी राष्ट्रीय स्वाभिमान सम्मान पुरस्कार श्री हेमंत ध्यानी जी उत्तराखंड जोकि गंगा जी पर काफी लंबे समय से कार्य कर रहे हैं उनको दिया गया और दूसरा पुरस्कार श्री ओमप्रकाश मिश्र, इलाहाबाद जोकि अपने संगठन के माध्यम से काफी लंबे समय से गांवों में पर्यावरण को लेकर कार्य कर रहे हैं उनको दिया गया। समारोह में देश भर से लगभग 500 की संख्या में लोग शामिल हुए इसमें माननीय गोविंदाचार्य जी अलावा राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के संगठन मंत्री श्री बसवराज जी पाटिल, संयोजक श्री पवन श्रीवास्तव एवम् कार्यकारी संयोजक श्री सुरेंद्र बिष्ट मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन में स्वाभिमान आंदोलन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई तथा राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन के अभी तक की यात्रा कैसी रही इसके बारे में पूरी विस्तृत रूप से पवन श्रीवास्तव ने बात रखी। स्वाभिमान आंदोलन का आगामी बैठक बेंगलुरु में 2, 3 और 4 जुलाई को आयोजित किया गया है। जिसमें देश भर के संगठन के साथ जुड़े हुए लोग शामिल होंगे और आगामी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा होगी। कार्यक्रम का संयोजन श्री अरविंद तिवारी (मंटू), विवेक त्यागी द्वारा किया गया।

# मुरादनगर : कॉलेज परिसर में कबड्डी खिलाड़ी ने खुद को मारी गोली

मुरादनगर। मुरादनगर में दिल्ली मेरठ हाईवे पर स्थित एचएलएम कॉलेज परिसर स्थित क्रिकेट स्पोर्टस स्टेडियम ग्राउंड में रविवार रात कबड्डी खिलाड़ी अभिषेक राठी ने खुद को गोली मार ली। गंभीर हालत में गाजियाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मुजफ्फरनगर थाना बुढ़ाना के इटावा गांव निवासी अभिषेक राठी उर्फ बंटी कबडड़ी का खिलाड़ी है। वह मुरादनगर एचएलएम कॉलेज परिसर स्थित स्पोर्टस कबड्डी अकडेमी के हॉस्टल में रहकर प्रैक्टिस कर रहा है। बताया गया है कि रविवार रात करीब 11 बजे अभिषेक कॉलेज परिसर स्थित क्रिकेट स्पोर्टस स्टेडियम ग्राउंड में घूम रहा था। इसी बची गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर गार्ड व अन्य लोग मौके पर पहुंचे। देखा लहूलुहान हालत में अभिषेक जमीन पर पड़ा है, गंभीर हालत में उसे गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसओ सतीश कुमार का कहना है कि रविवार देर कॉलेज से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई जांच शुरू की। जांच के दौरान मौके से तमंचा मिला था, मामले की जांच की जा रही है, हालांकि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। वहीं एचएलएम कॉलेज के निदेशक पवन कुमार का कहना है कि हादसे की उन्हें जानकारी नहीं है। कबड्डी में अभिषेक स्टेट खेला हुआ है, दस दिन से वह अकडेमी में रहकर प्रैक्टिस कर रहा था।

### हरियाणा के भिवानी में दर्दनाक हादसा, तालाब में डुबने से 3 मासूम बच्चों की मौत

भिवानी। हरियाणा के भिवानी स्थित बहल के खाड़ी गांव में सोमवार को गंदे पानी से भरे तलाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसे के समय बच्चे बकरी चराने गए थे। तीनों मृतक बच्चों की उम्र 8 से 11 साल के बीच है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, खाड़ी गांव के रहने वाले बंटी गोस्वामी शर्मा ने बताया कि बहल में खाड़ी वाले तालाब को अमृत सरोवर योजना के तहत विकसित किया गया था और फिलहाल इसमें गंदा पानी भरा हुआ है। उन्होंने बताया कि सुशील उर्फ गोलू (10), सचिन (11) और लखन (8) की सोमवार सुबह तालाब में डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीन लड़के जब तलाब के किनारे बनी पगडंडी से गुजर रहे थे, तभी एक लड़के का पैर फिसल गया और वह तलाब में गिर गया। उन्होंने बताया कि उसे बचाने की कोशिश में बाकी दो लड़के भी डूब गए। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर लोगों ने तीनों लड़कों बेहोशी की हालत में तालाब से बाहर निकाला।

# दिल्ली के 50 लाख लोगों को बुलडोजर से बचाने के लिए अरविन्द केजरीवाल तुरंत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएं : चौ0 अनिल कुमार

**काँग्रेस नेता तथा कार्यकर्ताओं ने खुलकर बुलडोजर के सामने आकर विरोध किया, केजरीवाल बुलडोजर अभियान में भाजपा का भागीदार**

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव गरीबों, जरुरतमंदों और बेसहारा लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और भाजपा के बुलडोजर अभियान के खिलाफ दिल्लीवालों को उजड़ने से बचाने के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा की मिलीभगत को उजागर करेगी। भाजपा तथा केजरीवाल साथ मिलकर दिल्ली के 50 लाख लोगों को उजाड़ने की योजना बना रही है। काँग्रेस के लागातार विरोध व प्रदर्शन को देखते हुए उग्र बुलडोजर अभियान के महीने भर बीतने के बाद मुख्यमंत्री की नींद खुली है, अभी भी वो बुलडोजर अभियान के तहत 50 लाख लोगों के मकानों को उजाड़ने का नहीं बल्कि उसके तरीके पर सवाल कर रहे, यह निंदनीय है! उन्होंने सवाल पूछा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं के अवैध कब्जे कर बने दफ्तरों पर क्यों नहीं बुलडोजर चलाया जा रहे है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के 50 लाख लोग जिनमें 1797 अनाधिकृत कॉलोनियों में बसे 40 लाख और 675 झुग्गी बस्तियों में बसे 10 लाख लोगों को भाजपा के बुलडोजर अभियान के तहत उजड़ने से बचाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तुरंत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर दिल्ली में चल रहे बुलडोजर अभियान के खिलाफ प्रस्ताव पास करें और भविष्य में बुलडोजर जैसी कार्यवाही न हो इसके लिए कानून पास करे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, मंहगाई का मार झेल रहे गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चलाना एक अमानवीय कृत्य है क्योंकि भीषण गर्मी में केजरीवाल के विफलताओं के कारण दिल्लीवासी पानी की बूंद-बूंद के लिए परेशान है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा तथा केजरीवाल मिलकर गरीबों के घरों और दुकानों को उजाड़ने के लिए जहाँ कुछ स्थानों पर नोटिस भेज रहे है, वहीं अधिकतर स्थानों पर बिना नोटिस ही कारवाई कर रही है। दोनो सरकारें अनाधिकृत कॉलोनियों, झुग्गी झौंपड़ी में रहने 5 लाख रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका पर भी बुलडोजर चला रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों के दौरान भाजपा तथा केजरीवाल ने मिलकर हज़ारों झुग्गियों को तोड़ा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अंतर्गत डूसिब का काम झुग्गी, झोपड़ी, स्लम वासियों को आवास मुहैया कराना है जबकि केजरीवाल उन्हें उजाड़ने के लिए बुलडोजर भेज रहे है, जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि काँग्रेस नेता तथा कार्यकर्ताओं ने खुलकर बुलडोजर के सामने आकर विरोध किया जो आगे भी जारी रहेगा परंतु स्वयं केजरीवाल व उनके मंत्री विधायक छुप कर बैठे हुए है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार के अंतर्गत फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने इसी वर्ष जून, जुलाई के महीनों में हज़ारों लोगों को बेघर करने के लिए नोटिस भेजा है जिसके खिलाफ गांवों के प्रतिनिधि भी मुझसे आकर मिले थे। उन्होंने कहा कि पिछले सात सालों में केजरीवाल भाजपा ने मिलकर गरीबों को ऊजाड़ा है। शकूर बस्ती, मदन पुर खादर, ईस्ट लक्ष्मी मार्केट, संगम विहार, जहांगीर पुरी जैसे तमाम उदाहरण दिल्लीवालों के सामने है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने शुकुर बस्ती रेलवे लाईन पर बसी 48,000 झुग्गियों को कोर्ट से राहत दिलाकर टूटने से बचाया। वर्ष 2006-07 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चल रही, अवैध सीलिंग तथा डीमोलिशन की कार्यवाही पर कांग्रेस पार्टी ने रोक लगवाई। उन्होंने कहा कि 2010 में गरीबों को आश्रय प्रदान करने के लिए दिल्ली शहरी आवास बोर्ड स्थापित करने के लिए डीयूएसआईबी एक्ट 2010 पास किया और दिल्ली स्पेशल प्रोविजन कानून के तहत कांग्रेस ने 1797 अनाधिकृत कॉलोनियों को किसी भी प्रकार के दंडात्मक कारवाई से बचाया।

चौ0 अनिल कुमार ने रेहड़ी पटरी आजीविका संरक्षण कानून के द्वारा लगभग 5 लाख से अधिक रेहड़ी पटरी को बिना सर्वे किए हटाने को गैर कानूनी बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा रेहड़ी पटरी पर बुलडोजर चला रही है जिसको लेकर केजरीवाल ने कुछ नहीं बोला है। उन्होंने कहा कि कई मीडिया रिपोर्ट में भाजपा अध्यक्ष तथा केजरीवाल के पार्षदों के अवैध कब्जे को दिखाया गया है जबकि काँग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी दफ्तर के बाहर अवैध कब्जे का वीडियो रिलीज किया था, जिस पर भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम को तुरंत कार्रवाही करनी चाहिए।

# भाजपा, दिल्ली में 63 लाख लोगों के घर और दुकानों पर बुलडोज़र चलाने की तैयारी में है, यह आज़ाद भारत का सबसे बड़ा विध्वंस होगा : केजरीवाल

**कच्ची कॉलोनियों में 50 लाख और झुग्गियों में 10 लाख लोग रहते हैं, जबकि एमसीडी ने करीब तीन लाख प्रॉपर्टी की और लिस्ट बनाई है**





नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल का कहना है कि भाजपा, दिल्ली में 63 लाख लोगों के घर और दुकानों पर बुलडोज़र चलाने की तैयारी में है। यह आज़ाद भारत का सबसे बड़ा विध्वंस होगा। दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों में 50 लाख और झुग्गियों में 10 लाख लोग रहते हैं, जबकि एमसीडी ने करीब तीन लाख प्रॉपर्टी की और लिस्ट बनाई है। जिस तरह से भाजपा लोगों के घर और दुकानें तोड़ रही है, वो सही नहीं है। हम इसके खिलाफ हैं। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कहा था कि 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' बना कर दिया जाएगा और अब ये लोग इन सबको तोड़ने के लिए आ गए। सीएम अरविंद केजरीवाल ने नगर निगम का चुनाव कराने की मांग करते हुए कहा कि पूरी दिल्ली जानती है कि इस बार एमसीडी में 'आप' की सरकार बनेगी। जैसे हमने शिक्षा-स्वास्थ्य में बेहतर काम किया। बिजली ठीक की और पानी ठीक रहे हैं। ऐसे हम अवैध अतिक्रमण को भी ठीक करेंगे। मैने आज बैठक कर अपने विधायकों को कहा है कि आपको जेल भी जाना पड़े, तो डरना मत, लेकिन जनता के साथ खड़ा होना है। इस तरह से बुलडोजर चलाना, दादागिरी-गुंडागर्दी और अपनी पावर का गलत इस्तेमाल करना सही नहीं है।

#### दिल्ली जिस तरह से बनी है, उसमें 80 फीसद से अधिक दिल्ली अतिक्रमण के दायरे में आएगी- अरविंद केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज एक महत्वपूर्ण डिजिटल प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से हम लोग देख रहे हैं कि दिल्ली के अंदर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित नगर निगम की तरफ से दिल्ली में कई जगह बुलडोजर चलाए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि अभी कई महीनों तक बुलडोजर चलाए जाएंगे। वो कह रहे हैं कि हम दिल्ली से सारा अतिक्रमण हटाने जा रहे हैं। जितना भी अवैध अतिक्रमण और अवैध निर्माण है, वो सारी हटाई जाएंगी। हम खुद भी अतिक्रमण के खिलाफ हैं। हम नहीं चाहते हैं कि अतिक्रमण होना चाहिए। हम नहीं चाहते हैं कि अवैध बिल्डिंग बननी चाहिए। लेकिन इसमें दो चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि पिछले 75 साल में दिल्ली जिस तरह से बनी है, दिल्ली प्लैंड तरीके से नहीं बनी है। दिल्ली जिस तरह से बनी है, उसमें 80 फीसद से अधिक दिल्ली अतिक्रमण के दायरे में आएगी। अब यह प्रश्न उठता है कि क्या अब 80 फीसद दिल्ली को तोड़ा जाएगा।

#### आदमी कागज लेकर दया की भीख मांग रहा है, लेकिन कागज नहीं देखा जा रहा है, सिर्फ बुलडोजर चलाया जा रहा है- अरविंद केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दूसरी बात यह कि जिस तरीके से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ना कोई कागज है, ना कोई मौका दिया जा रहा है। बुलडोजर लेकर बस किसी भी कॉलोनी में पहुंच जाते हैं और किसी का भी घर या दुकान तोड़ने लग जाते हैं। वो आदमी कागज लेकर सड़क पर खड़ा है। वो चिल्ला रहा है, दया की भीख मांग रहा है कि मेरे कागज तो देख लो। मेरे पास कागज हैं। यह अवैध और अतिक्रमण नहीं है। 40-40 साल से यहां पर रह रहा हूं और मेरे पास कागज भी है, लेकिन कोई कागज नहीं देखा जा रहा है, सिर्फ बुलडोजर चलाया जा रहा है। यह तो सही नहीं है। जिस तरीके से अतिक्रमण हटाया जा रहा है, हम उसके खिलाफ हैं। इनकी प्लानिंग है कि दिल्ली की सारी कच्ची कॉलोनियों को तोड़ा जाएगा। दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों में करीब 50 लाख लोग रहते हैं। इनकी प्लानिंग है कि दिल्ली की सारी झुग्गियों को तोड़ा जाएगा। दिल्ली की झुग्गियों में लगभग 10 लाख लोग रहते हैं। इसके अलावा, इन लोगों ने करीब तीन लाख प्रॉपर्टी की लिस्ट बना रखी है, जहां पर इनका कहना है कि किसी ने नक्शे के इतर बालकनी, कमरा आदि बना लिया है, उस अतिक्रमण को तोड़ा जाएगा। इस तरह, करीब 63 लाख लोगों के घर के उपर बुल्डोजर चलेंगे। मैं समझता हूं कि यह आजाद भारत का सबसे बड़ा विध्वंस होगा।

#### 15 साल से एमसीडी में भाजपा का राज था और आरोप लगता है कि इन्होंने खूब पैसे ले लेकर अवैध अतिक्रमण और बिल्डिंग बनवाई- अरविंद केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि कच्ची कॉलोनियों के लोगों को मालिकाना हक दिलाया जाएगा। चुनाव से पहले इन लोगों ने कहा था कि जहां-झुग्गी, वहीं मकान बना कर दिया जाएगा और अब इन सबको तोड़ने के लिए आ गए। यह तो सही नहीं है। हम भी अतिक्रमण के खिलाफ हैं और हम नहीं चाहते हैं कि अतिक्रमण होना चाहिए। हम चाहते हैं कि हमारी दिल्ली खूबसूरत होनी चाहिए, हमारी दिल्ली अच्छी होनी चाहिए। लेकिन 63 लाख लोगों को आप बेघर कर दोगे और उनकी दुकानें तोड़ दोगे और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी खराब दोगे, यह तो कोई बर्दाश्त नहीं करने वाला है। 15 साल से दिल्ली नगर निगम में भाजपा का राज था। इन 15 सालों में इन्होंने क्या किया? 15 साल में इन्होंने और अवैध अतिक्रमण व अवैध बिल्डिंग बनवाई।

आरोप लगता है कि खूब पैसे ले लेकर कराए गए। अब इनका कार्यकाल पूरा हो गया है। 18 मई को इनका कार्यकाल पूरा हो जाएगा। अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। क्या इनके पास नैतिक संवैधानिक वैध पावर है कि आप इतना बड़ा निर्णय ले सकें। आप चुनाव कराइए। चुनाव बाद जो नई एमसीडी बनेगी, उसको निर्णय लेने दीजिए।

# दिल्लीवासियों के साथ निगम और भाजपा खड़ी है इसलिए उन्हें डरने की जरुरत नहीं है : आदेश गुप्ता

**विवेक राय गौरवशाली भारत**



नई दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि जैसे-जैसे रोहिंग्या-बांग्लादेशियों पर निगम का बुल्डोजर चल रहा है, वैसे-वैसे अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी के पेट में दर्द होता जा रहा है और उनका यह दर्द जायज भी है क्योंकि उनके आरमानों पर पानी फिर रहा है। उनके विधायक घर पर बुलाकर चीफ सेकेट्री को पिटवाते हैं, रोहिंग्या को बसाने का ठेका लिया है और यह वही विधायक हैं जो बुलडोजर के सामने रोहिंग्या-बांग्लादेशियों को बचाने के लिए जमीन पर लेट जाते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल बेबुनियादी बातें कर दिल्लीवासियों के अंदर झूठ, डर और दहशत पैदा कर रहे हैं, इसको पूरी दिल्ली जान चुकी है। आदेश गुप्ता ने आज नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा है कि केजरीवाल की ब्लैकमेलिंग अब ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाली है। जिस तरह से उन्होंने कहा कि 63 लाख घरों को निगम बर्बाद करने वाली है, वह सरासर झूठ बोल रहे हैं। क्योंकि दिल्ली में इतने मकान है ही नहीं। इसी तरह से लोगों के अंदर डर पैदा कर उनके विधायक वसूली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया का पत्र लेकर आम आदमी पार्टी के विधायक लोगों तक जाकर डरा रहे हैं कि निगम तुम्हारा मकान ना तोड़े उसके लिए हमें पैसे दो। ऐसा काम करने वाले केजरीवाल के विधायकों को आज रोहिंग्या-बांग्लादेशियों के प्रति इतनी हमदर्दी क्यों है। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल कह रहे हैं कि भाजपा शासित निगम अनाधिकृत कॉलोनियों को तोड़ देगी, लेकिन वे यह बताना भूल गए कि अनाधिकृत कॉलोनियों को पक्की करने की फाइल को तीन साल तक दबा कर उनकी सरकार ने रखा। यही नहीं चार सालों तक जहां झुग्गी वहीं मकान की फाइल को दबाकर रखा गया। केजरीवाल का असली चेहरा दिल्ली की जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 40 लाख लोगों को मालिकाना हक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिया है। जहां झुग्गी वहीं मकान के तहत 15000 फ्लैट बनकर तैयार हो चुके हैं और 40 हज़ार फ्लैट बनने की तैयारी की योजना पूरी हो चुकी है। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्लीवासियों को चिंता करने की जरुरत नहीं है। निगम और भाजपा उनके साथ खड़ी है। लेकिन ये हकीकत है कि दिल्ली के अंदर आम आदमी पार्टी के संरक्षण प्राप्त रोहिंग्या-बांग्लादेशियों एवं दंगाईयों को बख्शा नहीं जाएगा। दिल्ली रोहिंग्या-बांग्लादेशियों से मुक्त होकर रहेगी। झूठ की सारी हदें पार करने वाले केजरीवाल ने सात बार यमुना की सफाई करने, गरीबों को मकान देने, कोरोना काल में किरायेदारों को किराया देने की बात कहते रहे, लेकिन आज तक उसे पूरा नहीं किया।

## संपादकीय



# आखिर सरकार को अचानक गेंहू के निर्यात को रोकने का फैसला क्यों करना पड़ा?

**सरकारी अनुमान है कि इस साल गेहूं का उत्पादन 10 करोड़ टन से भी कम होगा। लगभग 4-5 करोड़ टन के निर्यात के समझौते हो चुके हैं और लगभग डेढ़ करोड़ टन निर्यात भी हो चुका है। हजारों टन गेहूं हम अफगानिस्तान और श्रीलंका भी भेज चुके हैं।**

अभी महिना भर पहले तक सरकार दावे कर रही थी कि इस बार देश में गेहूं का उत्पादन गज़ब का होगा। उम्मीद थी कि वह 11 करोड़ टन से ज्यादा ही होगा और भारत इस साल सबसे ज्यादा गेहूं निर्यात करेगा और जमकर पैसे कमाएगा। इसकी संभावना इसलिए भी बढ़ गई थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया में गेहूं की कमी पड़ने लगी है लेकिन ऐसा क्या हुआ कि सरकार ने रातों-रात फैसला कर लिया कि भारत अब गेहूं निर्यात नहीं करेगा? इसका पहला कारण तो यह है कि गेहूं का उत्पादन अचानक घट गया है। इसका मुख्य कारण मार्च, अप्रैल और मई में पड़ने वाली भयंकर गर्मी है। सरकार ने पिछले साल अपने गोदामों में सवा चार करोड़ टन गेहूं खरीदकर भर लिया था लेकिन इस बार वह सिर्फ दो करोड़ टन गेहूं ही खरीद पाई है। पिछले 15 साल में इतना कम सरकारी भंडारण पहली बार हुआ है। सरकार को उम्मीद थी कि इस बार 11 करोड़ टन से भी ज्यादा गेहूं पैदा होगा और वह लगभग एक-डेढ़ करोड़ टन निर्यात करेगी।

सरकारी अनुमान है कि इस साल गेहूं का उत्पादन 10 करोड़ टन से भी कम होगा। लगभग 4-5 करोड़ टन के निर्यात के समझौते हो चुके हैं और लगभग डेढ़ करोड़ टन निर्यात भी हो चुका है। हजारों टन गेहूं हम अफगानिस्तान और श्रीलंका भी भेज चुके हैं। अब इस निर्यात पर जो प्रतिबंध लगाया गया है, उसके पीछे तर्क यही है कि एक तो लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज बांटना है और दूसरा यह कि अनाज के दाम अचानक बहुत बढ़ गए हैं।

20-22 रुपए किलो का गेहूं आजकल बाजार में 30 रु. किलो तक बिक रहा है। यह ठीक है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस समय गेहूं के दामों में काफी उछाल आ गया है और भारत उससे काफी पैसा कमा सकता है लेकिन सरकार का यह डर बहुत स्वाभाविक है कि यदि निर्यात बढ़ गया तो गेहूं इतना कम न पड़ जाए कि भारत में संकट खड़ा हो जाए। सरकार की यह सोच तो व्यावहारिक है लेकिन यदि गेहूं का निर्यात रूक गया तो हमारे किसानों की आमदनी काफी घट जाएगी। उन्हें मजबूर होकर अपने गेहूं को सस्ते से सस्ते दाम पर बेचना होगा। इस समय सबसे बड़ी चांदी उन व्यापारियों की है, जिन्होंने ज्यादा कीमतों पर गेहूं खरीदकर अपने गोदामों में दबा लिया है लेकिन गेहूं का निर्यात रूक जाने से उसके दाम गिरेंगे और इससे किसानों से भी ज्यादा व्यापारी घाटे में उतर जाएंगे। सरकार चाहती तो निर्यात किए जाने वाले गेहूं के दाम बढ़ा सकती थी। उससे निर्यात की मात्रा घटती लेकिन सरकार की आमदनी बढ़ जाती। वह किसानों से भी थोड़ी ज्यादा कीमत पर गेहूं खरीदती तो उसका भंडारण दुगुना हो सकता था। गेहूं के निर्यात पर रोक लगाने के पीछे श्रीलंका से टपक रहा सबक भी है। इस समय देश में खाद्य-पदार्थों की महंगाई से लोगों का पारा चढ़ना स्वाभाविक हो गया है।

# ग्लोबल विलेज में कदम फूंक-फूंककर रखने की आदत



पुखराज प्राज
छत्तीसगढ़

इंटरनेट के तेज पकड़ के साथ नेटवर्क की तीव्रता वाले 4जी-5जी के वर्तमान दौर में हम दुनियाँ के किसी भी कोने में रह रहे हों। लेकिन हम एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। लगातार सूचनाओं के आदान-प्रदान से लेकर भावनाओं के साझाकरण तक इंटरनेट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये होने लगा है। दुनियाँ, इंटरनेट के जाल के आगे लगभग एक छोटे मगर डिजिटल वैश्विक ग्राम के रूप में स्थापित हो गई है। जहाँ भाषा का अवरोध ट्रांसलेशन की पद्धति, समझ के लिए सरलीकरण की प्रक्रिया और नवीनतम खोज के लिए लोगों के द्वारा नित लिखे जा रहे नवीन ब्लाग्स की इबारतें सब कुछ सीखा ही रहीं है। वहीं दूसरी ओर इंटरनेट के लगातार उपयोगिता के लिए सर्विस प्रोवाइडर के रूप में नेटवर्क दाता कंपनियों के डाटा पैकेज के प्लान खरीद कर इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है। अब इंटरनेट, के लिए लोगों में एक अवधारणा यह भी है की इंटरनेट के सर्च इंजन लगभग फ्री होते हैं। नो कॉल, वो लॉश, नो पेड ओनली गेट की मानसिकता से थोड़ा परे होकर सोचकर देखे क्या वास्तव में, सबकुछ निन्शुल्क है। सच्चाई के तह तक पहुँचेंगे तो ज्ञान होगा की ये सर्चिंग इंजन आपके डाटा को मार्केटिंग के एनालिसिस करने वाले लोगों तक मोटी रकम के साथ बेचता है। कहने का तात्पर्य है आपके डाटा से अर्थ की सीढ़ी तैयार होती जाती है। जितना ज्यादा डाटा, उतना अधिक मूल्य बनता है। बहरहाल, ये चिंता का विषय तो है, इसके साथ हमारे ग्लोबल विलेज में इसके अलावा भी और भी बड़ी चुनौतियों का आरंभ हो चुका है।

एक साइबर हमला इंटरनेट आधारित आक्रामक पैंतरेबाज़ी है जो कंप्यूटर सूचना प्रणाली या कंप्यूटर नेटवर्क के बुनियादी ढांचे या व्यक्तिगत कंप्यूटर उपकरणों को लक्षित करता है। जिससे जिससे एक्सेस की गई पूरी डाटा को जैसे के तैसे कॉपी कर लिया जाता है। जिसका उपयोग सामाजिक, आर्थिक, या वैश्विक पटल पर व्यवधान या क्षति के रूप में होता है। यह साइबर अटैक का मुख्य उद्देश्य है। इसी स्थिति को परिभाषित रूप में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अपनी 2018 की रिपोर्ट में कहती है कि, आक्रामक साइबर क्षमताएं शत्रुतापूर्ण घटनाओं से निपटने की हमारी क्षमता से अधिक तेजी से विकसित हो रही हैं।

मई 2000 में, इंटरनेट इंजीनियरिंग टास्क फोर्स ने RFC 2828 में हमले को इस प्रकार परिभाषित किया, सिस्टम सुरक्षा पर हमला जो एक बुद्धिमान खतरे से उत्पन्न होता है, यानी, एक बुद्धिमान कार्य जो सुरक्षा सेवाओं से बचने और सिस्टम की सुरक्षा नीति का उल्लंघन करने के लिए एक जानबूझकर प्रयास है। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो साइबर अटैक की वजह से प्रत्येक मिनटों में पूरी दुनिया को 84 करोड़ रुपये का नुकसान होता है और एक शोध के मुताबिक दुनिया में हर 11 सेकेंड में एक साइबर हमला होता है। ये 2019 के मुकाबले दो गुना ज्यादा है और पांच साल पहले से चार गुना ज्यादा है।

हमारे देश में भी आंकड़ों के मुताबिक, एक अप्रैल, 2015 से 31 दिसंबर, 2021 तक सभी राज्यों में करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की बैंकिंग धोखाधड़ी हुई। औसतन रोजाना हम 100 करोड़ रूपये की चपत बैंकिंग फ्रॉड और साइबर अटैक से हो रहे हैं। ये आंकड़े माथे लकीरें खींचने के लिए काफी हैं। बढ़ती तेज इंटरनेट की सेवाओं के साथ साइबर क्राइम के पैर भी पसरने लगे हैं। बैंकिंग ओटीपी से लेकर, सोशल मीडिया के अकाउंट हैकिंग तक ऐसे हैकर्स की मानसिकता केवल और केवल सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, वैचारिक एवं सांस्कृतिक क्षति पहुचाना हैं।

विश्व दूरसंचार दिवस मनाने की परंपरा 17 मई, 1865 में प्रारंभ की गई। वहीं आधुनिक समय में इसकी शुरुआत 1969 में हुई। इसी के साथ वैश्विक रूप में इसे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसके साथ नवम्बर, 2006 में टर्की में आयोजित सम्मेलन में विश्व दूरसंचार के साथ-साथ इस दिवस में सूचना को भी अंगीकृत किया गया। हमें अपनी इंटरनेट का सुरक्षित और प्राइवेसी के लिए खुद को जागरूक बनाना आवश्यक है। तब जाकर सोशल मीडिया और इंटरनेट के साथ तैयार इस ग्लोबल विलेज की अवधारणा से लाभान्वित होंगें।

**नारद जयंती (17 मई) के पर विशेष**

# सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक एवं आदर्श आदि पत्रकार



- ललित गर्ग -

देव ऋषि नारद या नारद मुनि ब्रह्माजी के पुत्र और भगवान विष्णु के बहुत बड़े भक्त महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त एवं शस्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत हैं, वे ब्रह्मतेज एवं अलौकिक तेजोरश्मियों से संपन्न हैं। हैं। वे आदि-पत्रकार हैं जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में एक जगह की खबर दूसरी जगह पहुंचाने एवं इधर की बात उधर करके, दो लोगों के बीच आग लगाने के लिये काफी प्रसिद्ध हैं। माना जाता है कि उन्हें सब खबर रहती हैं कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में कहाँ क्या हो रहा हैं। मूंह पर नारायण नारायण और हाथ में वीणा लिये, नमक-मिर्च लगा के बातें फैलाना, एक बात को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने, सृष्टि के हित में सृष्टि की किसी बड़ी घटना की आहट को पहचानकर उसे एक लोक से दूसरे लोक में पहुंचाने में उनकी महारत थी। उन्हें दुनिया का आदि पत्रकार माना गया है। जगह-जगह में जो चल रहा है, उसकी सुध लेते, इस लोक से उस लोक तक भ्रमणशील रहते, नारद खबरों को संप्रेषित करते, प्रसारित करते। देवर्षि नारद ने अपने धर्मबल से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया। वे समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए उपस्थित रहते थे। वे देव, दानव और मानव समाज के हित के लिये सर्वत्र विचरण करते हुए चिंतन व विचार मग्न रहते थे। संगीत के मर्मज्ञ एवं पंडित नारद को हम इहलोक, देवलोक और असुरलोक-तीनों लोकों में एक समान विचरने वाले सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक एवं आदर्श पत्रकार के रूप याद कर सकते हैं। नारद को केवल मात्र एक पत्रकार के रूप में समझना या प्रस्तुत करना संभवतः उनके प्रति एकपक्षीय दृष्टि है, क्योंकि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है। उन्होंने ब्रह्मा से ज्ञान प्राप्त किया। संगीत का आविष्कार किया। समाज में भक्ति के मार्ग का प्रतिपादन किया और संवाद के माध्यम से लोकहित का कार्य किया। वे तमस से ज्योति की, असत्य से सत्य की एवं अंधकार से प्रकार की एक सतत यात्रा हैं।

नारद मुनि के व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, उन्हें समझना आसान नहीं हैं। यूं तो वे हमेशा खुश और आनन्दित दिखते हैं पर वे काफी संजीदा और विद्वान भी हैं। हिन्दू पौराणिक कथाओं की मानें तो उन्होंने भगवान विष्णु के कई काम पूरे किये हैं। नारदजी को विष्णु का संदेशवाहक माना गया है इसीलिये उन्हें आदि-पत्रकार कहा जाता है। नारदजी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है। इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्द कोष में उनका एक नाम आचार्य पिशुन आया है जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देनेवाला है। आचार्य का अर्थ गुरु, शिक्षक, यज्ञ का मुख्य संचालक विद्वान अथवा विज्ञ होता है। आचार्य पिषुन से स्पष्ट है कि देवर्षि नारद तीनों लोकों में सूचना अथवा समाचार के प्रेषक के रूप में परम लोकप्रिय पत्रकार एवं संवाद-प्रेषक, संवाद-वाहक हैं ।

भूत, वर्तमान एवं भविष्य-तीनों कालों के ज्ञाता, सत्यभाषी, स्वयं का साक्षात्कार करके स्वयं में सम्बद्ध,



कठोर तपस्या से लोकविख्यात, गर्भावस्था में ही अज्ञान रूपी अंधकार के नष्ट हो जाने से जिनमें ज्ञान का प्रकाश हो चुका है, ऐसे मंत्रवेत्ता तथा अपने ऐश्वर्य (सिद्धियों) के बल से सब लोकों में सर्वत्र पहुँचने में सक्षम, मंत्रणा हेतु मनीषियों से घिरे हुए देवता, द्विज और नृपदेवर्षि कहे जाते हैं। जनसाधारण देवर्षि के रूप में केवल नारदजी को ही जानता है। उनकी जैसी प्रसिद्धि किसी और को नहीं मिली। वायुपुराण में बताए गए देवर्षि के सारे लक्षण नारदजी में पूर्णतः घटित होते हैं। सम्पूर्ण भारत में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, राम, कृष्ण और अनेक देवी-देवताओं की एक समान जानकारी हर भारतवंशी को होने के पीछे नारदजी की पत्रकारिता एवं सुसंवादिता ही मुख्य है। नारद की छवि किसी जाति, वर्ग, समुदाय, सम्प्रदाय से नहीं जुड़ी थी। वे मनुष्य थे या देवता, यह कहना कठिन है। कहीं-कहीं वे गंधर्व के रूप में भी प्रकट होते हैं। परन्तु उस काल में वे देवताओं, मानवों और दानवों सभी के मित्र-हितैषी थे और उनको कुछ सिद्धियां एवं अधिकार प्राप्त थे, जिससे वे पलक झपकते ही सृष्टि के किसी भी कोने में पहुंच जाते और ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं अन्य सभी के दरवाजे उनके लिये हरदम खुले रहते थे। बिना किसी रोक-टोक के वे कहीं भी आ जा सकते थे। एक बार त्रिदेवी - लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती के बीच में अहम की लड़ाई हो गयी कि कौन सी माता सबसे श्रेष्ठ है। नारदजी ने इस मौके का पुरा फायदा उठाया और हर देवी के पास जाकर दूसरी दो देवियों की बातें बतायी। आखिर में नारदजी के कहने पर अपनी शक्ति का प्रणाम देने के लिये तीनो देवियों ने एक चमत्कार करने की ठानी। ज्ञान की देवी सरस्वती ने एक गूंगे-बहरे आदमी को रातों-रात विद्वान बना दिया। धन की देवी लक्ष्मी ने एक गरीब औरत को रानी बना दिया और बल की देवी पर्वती ने एक बहुत डरपोक आदमी को बल देकर सेनापति बना दिया। थोड़ी देर में ही उस राज्य में कोहराम मच गया क्योंकि आम जनता ने उस सेनापति के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि उस रानी ने उस विद्वान को मृत्यु-दंड दे दिया था। उस विद्वान ने रानी की प्रशंसा करने के लिये मना कर दिया था। तब तीनो देवियों को एहसास हुआ यह सारा खेल नारदजी का ही किया धरा था। इस तरह नारदजी आपस में लड़ाने में माहिर थे। आधुनिक समय में आम तौर पर यदि कोई दो लोगों के बीच लड़ाई कराये तो उसे हम 'नारद मुनि' की उपाधि देते है। विष्णु पुराण के एक आनंदमय श्लोक के अनुसार जो दो लोगों के बीच कलह करवाये वह नारद है। लेकिन नारदजी की नीयत हमेशा साफ होती है। वे परोपकारी एवं जनउद्धारक हैं। वे जो कुछ भी करते हैं प्रभु की इच्छा अनुसार ही करते हैं, कभी बदले की भावना या कभी किसी को नुकसान पहुंचाने की भावना से नहीं करते। जन-जन का कल्याण ही उनकी इच्छा होती है। सकारात्मकता, सज्जनता एवं परोपकार उनका मुख्य ध्येय होता है। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेवजी जैसे ऋषियों के गुरु हैं। नारद ने ही प्रहलाद, ध्रूव, राजा अम्बरीष, आदि को भक्तिमार्ग पर प्रवृत्त किया।

माना जाता है ?ऋषि नारद के कारण ही असुर हिरण्यकशिपु के प्रह्लाद जैसा संत एवं भक्त पुत्र समाज को प्राप्त हुआ। यह उदाहरण अकेला नहीं है। नारद ने ऐसे अनेक कार्य किये जिनसे भविष्य का घटनाक्रम ही बदल गया। कंस के मन में उन्होंने यह शक पैदा किया कि देवकी की कोई भी आठवीं संतान हो सकती है जो उसका वध करेगी। नारद ने ऐसा इसलिये किया कि कंस के अत्याचार और पाप इतने बढ़ जायें जिससे उसका वध करना समाज हित के लिए एक अनिवार्य कार्य हो जाए। व्यापक दृष्टि से देखें तो नारद केवल मात्र सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं करते थे। वे तो वाणी का प्रयोग लोकहित में करते थे। महत्वपूर्ण यह भी है कि नारद स्थायी रूप से कहीं नहीं रहते थे। कहा जाता है कि प्रजापति ने उन्हें यह श्राप दिया था कि वे निरंतर भ्रमण करते रहें और एक स्थान पर रहना उनके लिए अवांछनीय था।

एक पत्रकार का कहा हुआ समाज एवं देश हित में माना जाता है, पत्रकारिता के प्रति यह विश्वसनीयता नारदजी के कारण ही है। ऐसा इसलिये भी है कि नारद ने जैसा कहा, उसे उस समय हर किसी ने सौ प्रतिशत सत्य और तथ्यात्मक माना। इतना ही नहीं, नारद ने जो सुझाव दिया, उसे किसी दानव, मानव या देवता ने न माना हो, ऐसा भी प्रकरण नहीं आता है। यहां तक कि पार्वती अपने पति शिव की बात को न मानकर नारद के कहने पर अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में जाती हैं और एक बड़े घटनाक्रम का सूत्रपात होता है जिसमें शिव के तांडव का उद्घाटन है। ऐसा संभव नहीं लगता कि नारद केवल एक ही व्यक्ति थे क्योंकि सतयुग, द्वापर और त्रेता युग- सभी में नारद की उपस्थिति के प्रमाण मिलते हैं। अविरल भक्ति के प्रतीक और ब्रह्मा के मानस पुत्र माने जाने वाले देवर्षि नारद का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार भगवान तक पहुंचाना है। वह विष्णु के महानतम भक्तों में माने जाते हैं और इन्हें अमर होने का वरदान प्राप्त है। भगवान विष्णु की कृपा से यह सभी युगों और तीनों लोगों में कहीं भी प्रकट हो सकते हैं। आज की पत्रकारिता उनसे प्रेरणा ले और मानवता के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध हो, ऐसा होने से नारदजी की स्मृति एवं उनकी उपस्थिति का अहसास हम युग-युगों तक जीवंत रख पाएंगे।

# न्यूक्लिक एसिड स्टेनिंग डाई प्रौद्योगिकी उत्पादन के लिए हस्तांतरित

**इंडिया साइंस वायर**

शोधकर्ताओं ने रीयल टाइम पीसीआर और डीएनए बाइंडिंग में इसके जैविक अनुप्रयोगों का अध्ययन किया है। डॉ गोयल ने बताया कि ग्रीनआर डाई के आणविक निदान (मोलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स) और जीवन विज्ञान अनुसंधान में विविध अनुप्रयोग हैं। आणविक निदान (मोलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स) और जीवन विज्ञान अनुसंधान में न्यूक्लिक एसिड स्टेनिंग डाई के विविध उपयोग होते हैं। भारतीय वैज्ञानिकों ने न्यूक्लिक एसिड स्टेनिंग डाई का किफायती विकल्प विकसित किया है। डाई ग्रीनआर नामक इस न्यूक्लिक एसिड स्टेनिंग डाई वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की लखनऊ स्थित प्रयोगशाला केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) द्वारा विकसित की गई है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर ग्रीनआर की प्रौद्योगिकी व्यावसायिक उत्पादन के लिए उत्तर प्रदेश में पंजीकृत स्टार्ट-अप कंपनी, जीनटूप्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड (जीपीपीएल) को हस्तांतरित की गई है।

डाई ग्रीनआर को सीडीआरआई के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ अतुल गोयल ने संस्थान के एक औद्योगिक भागीदार बायोटेक डेस्क प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल), हैदराबाद के संयुक्त सहयोग से विकसित किया है। डॉ गोयल ने बताया कि ग्रीनआर व्यावसायिक रूप से उपलब्ध डीएनए/आरएनए डाइज़ (रंजकों), जो वर्तमान में विदेशों से आयात किए जाते हैं, के लिए एक किफायती विकल्प है।

यह जीनोमिक डीएनए, पीसीआर उत्पादों, प्लास्मिड और आरएनए सहित सभी न्यूक्लिक एसिड के साथ अच्छी तरह बंध सकता है, तथा नीली रोशनी या पराबैंगनी रोशनी के संपर्क में आने पर चमकने लगता है। शोधकर्ताओं ने रीयल टाइम पीसीआर और डीएनए बाइंडिंग में इसके जैविक अनुप्रयोगों का अध्ययन किया है। डॉ गोयल ने बताया कि ग्रीनआर डाई के आणविक निदान (मोलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स) और जीवन विज्ञान अनुसंधान में विविध अनुप्रयोग हैं। ग्रीनआर के रासायनिक संश्लेषण को डॉ गोयल की टीम में शामिल शोधकर्ताओं द्वारा मानकीकृत किया गया है, जिनमें शाज़िया परवीन और कुंदन सिंह रावत शामिल हैं।

जीपीपीएल की निदेशक डॉ श्रद्धा गोयनका की योजना 'गो ग्रीनआर' अभियान शुरू करने की है, जिसमें वह पूरे भारत के वैज्ञानिकों से उत्परिवर्तन कारक (म्यूटाजेनिक) एथिडियम ब्रोमाइड के उपयोग को ग्रीनआर डाई से बदलने का आग्रह करती है। उनका कहना है कि पारंपरिक डाई का यह विकल्प उपयोग में सुरक्षित है, और इसका निपटान आसानी से हो सकता है। वह बताती हैं कि कंपनी ने अकादमिक और उद्योग क्षेत्र में शोधकर्ताओं के बीच इस उत्पाद का नमूना लेना शुरू कर दिया है। डॉ गोयनका ने बताया कि इस उत्पाद को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

सीएसआईआर-सीडीआरआई के निदेशक डॉ श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पिछले पाँच वर्षों में सबसे लोकप्रिय डीएनए डाई - सायबर (एसवाईबीआर) ग्रीन ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी दर्ज करायी है। डॉ रेड्डी ने कहा है कि स्वदेशी डाई ग्रीनआर के विकास से भारतीय शोधकर्ताओं को विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बनाए गए महँगे आयातित रंजकों का विकल्प मिलेगा, जो देश को %आत्मनिर्भर भारत% का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब ले जाएगा।




# राहुल भट्ट की हत्या के बाद सड़कों पर उबाल में दिख रही सुखद चिंगारी



**उपेन्द्र नाथ राय**

कश्मीर के चंदूरा तहसील के कर्मचारी राहुल भट्ट की हत्या से पूरा माहौल गमगीन है। हत्या के बाद पूरी घाटी आक्रोश की आग में उबल पड़ी है। चारों तरफ धरना- प्रदर्शन हो रहे हैं। आफिस में ही आतंकियों द्वारा तड़ातड़ गोलियों से किसी पंडित की हत्या कर देना निःसंदेह सरकार के लिए चुनौती है, लेकिन लोगों का सड़कों पर उससे ज्यादा एक बड़ा संदेश यह भी है कि लोगों में दशकों बाद आत्मबल देखने को मिला। किसी कश्मीरी ब्राह्मण की हत्या पर लोग सड़कों पर उतरे और घाटी में इतना बड़ा प्रदर्शन होना यह नई पीढ़ी के लिए तो इतिहास की बात हो गयी थी। हां, आतंकवादियों के मारे जाने पर घाटी में जरूर पत्थर चलते देखा गया। उनके शव पर लोगों द्वारा एके-47 लहराते हुए जरूर देखा जाता रहा। इस बार किसी कश्मीरी पंडित की नृशंस हत्या पर यह आक्रोश देखने को मिला है।

हम इसे सरकार द्वारा लोगों में आत्मबल पैदा करने का परिणाम ही मानते हैं। इस दुखद समय के बीच एक सुखद चिंगारी दिख रही है, जिसमें भविष्य में घाटी का सुधार दिख रहा है। पिछले कुछ वर्षों से सरकार द्वारा कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने का काम किया जा रहा है। इस बीच सरकार ने उन्हें तमाम सुविधाएं भी प्रदान की है। इससे कश्मीरी पंडितों में एक आत्मबल पैदा हुआ है। उन्हें ऐसा लगने लगा है कि सरकार उनकी है। उनकी आवाज सरकार तक पहुंचती है और वे उसके समर्थन में या खिलाफ में आवाज बुलंद करने की क्षमता रखते हैं। पहले यही नहीं था। कश्मीरी पंडितों को आजादी के बाद से कभी एहसास ही नहीं हुआ कि सरकार उनकी भी है। कहीं सुनवाई उनकी भी होगी, इस कारण अपनों की मौत को भी खुद खून का घूंट पीकर रह जाने को मजबूर थे। कभी उनकी आवाज नहीं सुनाई दी और वे अपनों को गंवाने के बाद खुद की जान बचाने के लिए देश के अन्य जगहों की ओर खिसक लिये।

यदि हम देश में पनप रहे आतंक व माओवाद की तुलनात्मक रूप से देखें तो सरकार को बस्तर, झारखंड, तेलंगाना के माओवाद क्षेत्रों में भी वही करने की जरूरत है, जो कश्मीर में कर रही है अर्थात वहां के स्थानीय लोगों में आत्मबल पैदा करना। जिस दिन सरकार वहां के स्थानीय लोगों में

- **कश्मीरी पंडितों में दिखने लगा आत्मबल, अब माओवादी क्षेत्रों में भी आत्मबल की जरूरत**
- **कश्मीर की चिंगारी बस्तर तक पहुंचाने की जरूरत**
- **कश्मीर में दिखने लगा आत्मबल, अब बस्तर में जरूरत**
- **कश्मीरी पंडितों की तरह माओवादी क्षेत्रों में आक्रोश की जरूरत**




माओवादियों से लड़ने, उनके खिलाफ आवाज उठाने के लिए आत्मबल पैदा करने में सफल हो गयी, उस दिन माओवाद का खात्मा होना तय है।

मैं खुद उत्तर बस्तर जिले में रहकर देखा है, वहां के माओवाद पनपने का मुख्य कारण है, वहां के लोगों में आत्मबल का न होना है। माओवादियों से प्रताड़ित होते हुए भी लोग उनके खिलाफ आवाज बंद रखने के लिए मजबूर हैं। यदि आप बाहर से गये हैं, कहीं भी माओवादियों द्वारा लोग प्रताड़ित हुए हैं, आप लाख कोशिश करते रहिए लेकिन कोई उनके खिलाफ अपना मुंह खोलने को नहीं मिलेगा। इसका कारण है, मुंह खोलने का मतलब है, माओवादियों द्वारा हमेशा के लिए मुंह को बंद कर दिया जाएगा। इस कारण लोग मजबूर हैं, खून का घुंट पीकर, आंखों में आंसू लेकर यही कहते हैं भैया, हमें कहीं कोई माओवादी प्रताड़ित नहीं करता।

एक उदाहरण के तौर पर बता रहा हूं, कांकेर जिले के ही जिला मुख्यालय से लगभग 160 किमी दूर सीतरम इलाका है। वहां जाने के लिए नदी का पार करना पड़ता है। जब 2016 में हम उस इलाके में गये। नदी पार करते ही माओवादियों के गेट और उनके स्मारकों ने स्वागत किया। जब फोटो खिच रहे थे, तो आस-पास लोग संदेह भरी निगाहों से देख रहे थे, फिर जब उनसे बात करने की कोशिश की तो उनका यही कहना था कि भैया, यहां कोई माओवादी तंग नहीं करता, जबकि हकीकत है, उस इलाके में आज भी माओवादियों की पंचायत लगती है। उसी हिसाब से लोगों को रहना पड़ता है। पुलिस वहां के विवाद का फैसला नहीं करती। वहां के विवादों का फैसला माओवादी पंचायतों में होता है। इसका कारण है, पुलिस जब तक लोगों की सुरक्षा में पहुंचेगी तब तक माओवादियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले के प्राण पखेरू उड़ चुके होंगे।

यदि यही लोगों को विश्वास हो जाए कि उनकी आवाज सरकार तक पहुंचेगी। सरकार उनको संपुर्ण सूरक्षा देगी। माओवादी उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। उस दिन से माओवादियों के खिलाफ मुंह बंद रखने वालों के मुंह खुलने लगेंगे और जिस दिन से माओवादियों के खिलाफ मुंह खुलने लगे, उस दिन से उनका सफाया होना सुनिश्चित हो जाएगा। ऐसा कुछ इलाकों में धीरे-धीरे हो भी रहा है, लेकिन सरकार द्वारा आत्मबल देने की गतिविधियां धीमी है। इस कारण माओवादियों क्षेत्रों के समाप्त होने की प्रक्रिया भी धीमी है। जरूरत है, लोगों में आत्मबल पैदा करने की।

## स्वयं प्रेम!

स्वयं प्रेम की परिभाषा,
बस खुद से करें हम आशा,
स्वयं का रखें पूरा ख्याल,
खुद से पूछे खुद का हाल!

स्वयं से प्रेम है ईश्वर की भक्ति,
देती है यह हमारी आत्मा को शक्ति,
जिंदगी को गुजारे, खुश रहकर,
स्वयं को बनाएं, हर दिन बेहतर!

स्वयं पर करें पूरा विश्वास,
प्रेम से भरी हो, हर एक सांस,
प्रेम, प्रसन्नता हो हमारा व्यवहार,
करें खुद को पूरी तरह से स्वीकार!

स्वयं से प्यार और विश्वास कभी न खोए,
हंसते रहे हमेशा कभी ना रोए,
दूसरों से वही व्यक्ति, प्रेम कर सकता है,
जिसके स्वभाव में, स्वयं के लिए भी प्रेम झलकता है!

निकाल देते हैं, अपने अंदर से अहंकार और अभिमान,
हमारे जीवन में हो, प्रेम और सम्मान,
कोई करे ना करे, पर खुद से मोहब्बत करते रहेंगे,
प्रेमानुभूति से हमारा जीवन भर देंगे!
कोई करे ना करे, पर खुद से मोहब्बत करते रहेंगे,
प्रेमानुभूति से हमारा जीवन भर देंगे!

## शार्ट न्यूज

### सरकारें नीयत साफ रखकर अंतर मिटाएं यही बुद्ध को सच्ची श्रद्धांजलि : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि सिर्फ माथा टेकने से काम नहीं चलेगा। सरकारें नीयत साफ रखकर अंतर मिटाएं यही गौतमबुद्ध को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने गौतमबुद्ध को श्रद्धांजलि देने के बाद यह बातें सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि तथागत जैसे संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि के आदर्शों पर चलकर ही जनता के जीवन को सुखी बनाने की व्यापक उपयोगिता व सार्थकता है। इसीलिए सभी प्रकार के द्वेष व संकीर्णता आदि से ऊपर उठकर देश को फिर से जगदगुरु बनाने के ईमानदार प्रयास की जरूरत है। बसपा अपनी तरफ से लगातार प्रयास व संघर्षरत है। इससे कतई पीछे हटाना वाली नहीं है। पर सरकारों को भी इस पर ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एशिया के ज्योति पुंज के रूप में माने जाने वाले महात्मा गौतमबुद्ध ने भारतीय इतिहास को सत्यपरक ज्ञान से सुशोभित किया। उनके अनुयाइयों में सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य व महान सम्राट अशोक ने बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय को अपने संविधान के मूल सूत्र के रूप में स्थापित कर सामाजिक क्रांति की मजबूत नींव डाली।

### गंगा स्नान करने गई महिला की गला घोंटकर हत्या, पति गिरफ्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर स्नान करने आई महिला की गला घोंट कर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार सुबह महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतका नीलम (26) के पति चंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका का गला घोंटकर कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गोकना गंगा घाट से थोड़ी दूर स्थित चांदी बाबा की कुटी से पहले एक सुनसान स्थान पर महिला का शव मिला है। महिला के दोनों हाथ उसके दुपट्टे से बांधकर उसे एक पौधे से लपेटा गया था। शव के गले पर चोट के निशान थे। पुलिस के अनुसार मौके की परिस्थितियां देखकर आशंका जताई जा रही है कि महिला का गला घोंटा गया है। मृतका और उसका पति नसीराबाद के रहने वाले थे और बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ऊंचाहार इलाके के गोकना घाट गंगा स्नान करने आए थे। सूत्रों ने बताया कि आशंका जताई जा रही है कि मृतका के पति को उसके चरित्र पर शक था इसलिए उसकी हत्या की गई है। बहरहाल पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सारी स्थिति स्पष्ट होगी।

### बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर गंगा नहाने गए दो दोस्त की डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में सोमवार को श्रृंगीरामपुर घाट पर गंगा में नहाने गए चार दोस्त अचानक डूबने लगे जिसमें से दो को बचा लिया गया जबकि दो अन्य की मौत हो गई। बचाए गए युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिवम (18) और सचिन (16) दो अन्य दोस्तों के साथ श्रृंगीरामपुर घाट पर गंगा में नहाने गए थे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। पुलिस के अनुसार, नहाते समय चारों दोस्त फोन से सेल्फी लेते-लेते गहरे पानी में चले गए, जिससे शिवम और सचिन की डूबने से मौत हो गई, जबकि मनीष व शनी की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को इलाज के लिए कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, खुदागंज के चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने मौके पर पहुंचकर पुलिस सहायता उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि शिवम और सचिन के परिजनों ने उनका पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया है। वे बिना पोस्टमार्टम कराए ही शवों को साथ ले गए।

### बहराइच : 38 लाख की चरस बरामद, नेपाल से तस्करी कर लाई गई थी चरस की खेप

**बहराइच।** नानपारा कोतवाली पुलिस ने महिला सिपाहियों की मदद से पकरिया देवरा गांव में एक महिला तस्कर को चरस के साथ पकड़ा है। उसके पास से चरस बरामद हुई है। एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि नानपारा कोतवाल शमसेर बहादुर सिंह को भनक लगी कि सरहद पार से तस्करी कर मादक पदार्थ की खेप आने वाली है। उन्होंने अफसरों को जानकारी दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ नानपारा डा. जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा मधुर वर्मा, सिपाही मधुकर अवस्थी, अजय सिंह, राघवेन्द्र मौर्य, निरुपम दुबे, महिला सिपाही मनोरमा राय, किरन चौधरी को दबिश को भेजा गया। महिला सिपाहियों की मदद से पकरा देवरिया गांव में एक संदिग्ध महिला को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 1.250 किग्रा चरस बरामद की गई। महिला तस्कर की पहचान पकरा देवरा गांव निवासिनी नसीबुन के रूप में हुई। गिरफ्तार महिला तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर गहन पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

### एसी ऑन करते ही धू-धू कर जल उठा कम्प्यूटर शोरूम, लाखों का नुकसान

**आगरा।** आगरा के संजय प्लेस में सोमवार सुबह लेनोवो कंपनी के शोरूम में भीषण आग लग गई। दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग को काबू में किया। आग से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। दिल्ली गेट निवासी सुकेश अग्रवाल का संजय प्लेस के कंप्यूटर मार्केट में लेनोवो कंपनी का शोरूम है। सोमवार सुबह 10.45 बजे शोरूम खुला था। एसी चालू करते ही शार्ट सर्किट हुआ। आग लग गई। सूचना पर दमकल की गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब 30 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। आग की चपेट में आकर लाखों रुपए के कंप्यूटर और लैपटॉप जल गए। शोरूम के मैनेजर हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने शोरूम खोलने के बाद लाइट के स्विच ऑन किया था। एक कर्मचारी ने जैसे ही एसी का स्विच ऑन किया तभी उसमें से आग लगी। शोरूम मालिक ने करीब 30 लाख के नुकसान की आशंका जताई है।

### आग से घर जलकर राख, हजारों की क्षति

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में दिलावलपुर चौकी क्षेत्र के गांव में सोमवार तड़के अज्ञात कारणों से लगी आग से एक घर की गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। क्षेत्रीय राजस्वकर्मी ने 60 हजार का नुकसान का आंका गया है। असंद्रा थाना क्षेत्र के दिलावलपुर चौकी क्षेत्र के इसी गांव निवासी रामफेर निषाद पुत्र गजराज निषाद मिट्टी की कच्ची दीवार पर रखा छप्पर में सोमवार सुबह अचानक अज्ञात कारणों से आग फैल गई। जिसकी लपटों को देखकर ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक यहां रखी आधा दर्जन खटिया, तख्त, गेहूं, चावल, कपड़ा, बिस्तर व नकदी समेत अन्य गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित के मुताबिक वह बरसों से कच्ची दीवार पर फूस का छप्पर रखकर परिवार के साथ रहा था। सूचना पर रामसनेहीघाट तहसील के हलका लेखपाल अंजनी शुक्ल ने नुकसान का आकलन किया है। उनके मुताबिक आग से करीब 60 हजार की क्षति हुई है।

### औरैया में बीमारी से तंग बुजुर्ग ने लगायी फांसी

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के बिधूना क्षेत्र में एक वृद्ध व्यक्ति ने खराब आर्थिक स्थिति और बीमारी से परेशान होकर सोमवार सुबह नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल्याणपुर जागू गांव निवासी राजेश्वर दयाल दिवाकर (68) रोज की तरह आज तड़के करीब 4:30 बजे घर से खेतों के लिए निकले थे जहां उन्होंने अपने ही खेत में खड़े नीम के पेड़ से रस्सी के फंदे के सहारे लटककर आत्महत्या कर ली। ग्रामीण जब वहां से निकले और राजेश्वर को पेड़ से लटका देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पेड़ से नीचे उतारवाया। जिसके बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पुत्र बृजेश कुमार ने बताया कि उसके पिता सांस व मानसिक बीमारी के चलते परेशान रहते थे।

# ज्ञानवापी सर्वे में जिस जगह पर शिवलिंग मिला उसे तुरंत सील करें

## वाराणसी कोर्ट ने दिया आदेश; वजू पर पाबंदी

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का काम आज तीसरे दिनपूरा हो गया। सर्वे पूरा होने के बाद हिंदू पक्ष ने दावा किया कि–बाबा मिल गए। कहा गया कि सर्वे में काला पत्थर मिला जो शिवलिंग है। जितना सोचा था उससे ज्यादा साक्ष्य मिले हैं।

सर्वे के बाद हिंदू पक्ष ने शिवलिंग के संरक्षण के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जिस पर वाराणसी कोर्ट ने डीएम को आदेश दिया कि जिस स्थान पर शिवलिंग प्राप्त हुआ है, उसे तत्काल सील कर दें। किसी भी व्यक्ति को वहां जाने न दें। कोर्ट ने इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सीआरपीएफ को दी है।

कोर्ट ने शिवलिंग की जगह को सील करने के आदेश के साथ ही साथ ही अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी तय कर दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा– जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर और सीआरपीएफ कमांडेट को आदेशित किया जाता है कि जस स्थान को सील किया गया है, उस स्थान को संरक्षित और सुरक्षित रखने की पूर्णतः व्यक्तिगत जिम्मेदारी उपरोक्त समस्त अधिकारियों की व्यक्तिगत रूप से मानी जाएगी।



### मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष का दावा नकारा

ज्ञानवापी सर्वे पूरा होते ही हिंदू पक्ष ने वहां शिवलिंग मिलने का दावा किया। हिंदू पक्षकार सोहनलाल आर्य ने कहा कि जितना सोचा था उससे अधिक साक्ष्य मिले हैं। हालांकि मुस्लिम पक्ष इस दावे को पूरी तरह से नकार रहा है। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि ज्ञानवापी मस्जिद में ऐसा कुछ नहीं मिला है जिसका दावा हिंदु पक्ष कर रहा है। इस दावे और उसके खिलाफ प्रतिदावे के बीच कोर्ट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए शिवलिंग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। प्रशासन ने भी ऐसे दावे से पल्ला झाड़ते हुए लोगों से अपील की कि वे सिर्फ अधिकारिक बयान पर ही ध्यान दें। प्रशासन की ओर कहा गया कि यदि किसी भी पक्षकार ने अपनी निजी इच्छा से कोई बात बताई है तो यह उसका निजी विचार है।

### वजू पर लगी पाबंदी

सर्वे पूरा होने के थोड़ी देर बाद ही शिवलिंग का मामला कोर्ट भी पहुंच गया। कोर्ट ने अपने हिंदू पक्ष के दावे के बाद अपने आदेश में शिवलिंग के आसपास जाने पर रोक लगा दी। वहां वजू पर भी पाबंदी लगाई गई है।

### आज होगी सुनवाई

कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब सिर्फ 20 लोग ही नमाज के लिए जा सकते हैं।

कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे तीन दिन और कुल 10 घंटे चला। कोर्ट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र आज सर्वे रिपोर्ट दाखिल करेंगे। इसके बाद अदालत तय करेगी कि ज्ञानवापी का सच क्या है?

# पुलिस मुठभेड़ में चार शातिर बदमाश गिरफ्तार, चारों के पैर में लगी गोली

**झांसी।** झांसी के मोठ और पूंछ थानाक्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चार शातिर बदमाश घायल हुए हैं और सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शिवहरि मीणा ने बताया कि रविवार देर रात जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में संदिग्ध युवकों और वाहनों की चेकिंग कराई जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में पूंछ क्षेत्र में चार शातिर लुटेरों के पैरों में गोली लगने से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी के कब्जे से असलहा कारतूस, लूट की घटना से संबंधित नगदी व घटना में इस्तेमाल हुई बाइक बरामद हुई है। झांसी पुलिस के द्वारा अब तक 30 शातिरों को ऑपरेशन क्लीन के तहत मुठभेड़ में घायल किया जा चुका है।



जानकारी के अनुसार, चेकिंग के दौरान थाना मोठ के बमरौली बाइपास जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर 02 बाइकों पर 04 लोग आते दिखाई दिए। चारों चेकिंग कर रही पुलिस टीम को देखकर वापस भागने का प्रयास करने लगे। संदेह होने पर पुलिस द्वारा पीछा किया गया। आगे जंगल के पास एक बाइक फिसल गई। पुलिस टीम को अपने पास आता देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दी और पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लग गई जबकि दो भाग निकले। दोनों बदमाशों ने अपने नाम सोनू व प्रद्युम्न बताए। दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर, 4 जिन्दा कारतूस तथा 6 खोखा कारतूस बरामद हुए है।

दूसरी ओर भागे हुए दोनों बदमाशों की धरपकड के लिए पुलिस को अलर्ट किया गया था। दोनों बदमाश भागते हुए पूंछ थाना क्षेत्र में जा पहुंचे। थाना पूंछ पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जा रही थी। हाइवे के पास ग्राम अमरोख जाने वाले रास्ते पर बाइक पर सवार व्यक्तियों चेकिंग होते देख मुड़कर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस पार्टी द्वारा पीछा किया गया तो पुलिस पार्टी को अपने पास आता देख दोनों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस टीम द्वारा भी जवाब में फायरिंग की गई। इसमें दोनों बदमाशों को गोली लग गई और दोनों घायल हो गए। दोनों ने अपने नाम अंकुश व अवधेश बताया। पुलिस के अनुसार दोनों के पैरों में गोली लगी है। दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचा 315 बोर मय 3 जिन्दा कारतूस तथा 3 खोखा कारतूस बरामद हुए है। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

एसएसपी ने बताया कि सभी बदमाशों ने बीते दिनों थाना मोठ क्षेत्र में हुई लूट की घटना में शामिल होने की बात कुबूल कर ली है। इनके पास से व्यापारी का लूटा गया बैग, नगदी व प्रपत्र बरामद हुए हैं। सभी घायल अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है। सभी का लंबा आपराधिक इतिहास है। आरोपी प्रद्युम्न के खिलाफ उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में लगभग 25–30 तो अभियुक्त सोनू के विरुद्ध लगभग एक दर्जन गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। अन्य सभी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# यूपी में कोरोना के 138 नये मामले, सबसे ज्यादा 70 नोएडा में

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड–19 के 138 नये मामलो की पुष्टि हुयी है जिनमें 70 नये मरीज सिर्फ नोएडा के हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को टीम–09 की बैठक में यह जानकारी दी गयी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1097 एक्टिव केस हैं।

पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में 138 नए केस की पुष्टि हुई, जिसमें, गौतमबुद्ध नगर में 70, गाजियाबाद में 20, लखनऊ में 11 नए केस शामिल हैं। इसी अवधि 186 लोग स्वस्थ भी हुए। योगी ने कहा कि जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य है।

इसे लागू कराएं। लोगों को जागरूक करें। पॉजिटिव पाए गए लोगों के स्वास्थ्य पर सतत नजर रखी जाए। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश में कोविड टीके की 32 करोड़ से अधिक डोज लगाई जा चुकी है।

जबकि 11 करोड़ 29 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18 साल से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 90.53 फीसदी वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है।

15 से 17 आयु वर्ग में 96.24 प्रतिशत से अधिक किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 71.67 फीसदी से किशोरों को दोनों डोज लग चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग में 75.20 प्रतिशत से अधिक बच्चे टीकाकवर पा चुके हैं, इन्हें दूसरे डोज लगाया जाना भी शुरू हो चुका है।

कई जिलों में बच्चों के टीकाकरण और वयस्कों के बूस्टर डोज लगाए जाने को और तेज किए जाने की जरूरत है।

## बरेली में रामगंगा में डूबे दो बच्चे, एक लापता

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर राम गंगा नदी में स्नान को गए दो बच्चे डूब गये वहीं एक बच्चा लापता है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के शव अलग अलग स्थानो पर रामगंगा नदी से बरामद कर लिये गये हैं। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ निवासी रिक्शा चालक चरण सिंह की पत्नी सुमन 10 वर्षीय बेटे मनीष के साथ राम गंगा पर स्नान करने गई थीं। वह स्नान कर गंगा के बाहर आ गई थी लेकिन उनका पुत्र लापता हो गया। जिसके बाद आसपास उसको काफी तलाश किया। इसके बाद गोताखोरों की मदद ली गई। करीब एक घंटे के बाद गंगा में उसका शव मिला। एक अन्य घटना में फरीदुपर में मठिया मोहल्ला के रहने वाले बिजेन्द्र कुमार की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी। आज सुबह उनका 15 वर्षीय बेटा रवि रिश्तेदारों के साथ फरीदपुर के गांव गोपालपुर में गंगा में दिया लगाने गया था। दिया लगाते समय अचानक पानी का बहाव आने से सभी लोग डूबने लगे। इसी बीच रवि पानी में लापता हो गया जबकि अन्य रिश्तेदार बाल–बाल बच गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीसरी घटना में फरीदपुर निवासी पत्रकार योगेश पांडे परिवार के साथ राम गंगा चौबारी मेले में आए थे। जहां से उनका 12 वर्षीय बेटा अभिनव पांडे उर्फ देव पांडेय लापता हो गया। सुबह से ही गोताखोरों की मदद से उसको तलाश किया जा रहा है।

# ओडीओपी के बूते यूपी की निर्यात के क्षेत्र में लंबी छलांग

**लखनऊ।** वैश्विक महामारी कोविड–19 से जब पूरी दुनिया जूझ रही थी, उस समय देश की घनी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश महामारी की चुनौती से निपटने के साथ ही महत्वाकांक्षी 'एक जिला एक उत्पाद' यानी ओडीओपी परियोजना को पंख लगाकर निर्यात के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने को आतुर था।

आंकड़ों के अनुसार निर्यात के लिहाज से उत्तर प्रदेश के लिए वित्तीय वर्ष 2021–2022 शानदार रहा है। अप्रैल 2020–2021 से लेकर मार्च 2021–2022 के दौरान यूपी का निर्यात 107423.5 करोड़ से बढ़कर 140123.5 करोड़ रुपए हो गया। समग्रता में यह करीब 30 फीसद की वृद्धि है। इस निर्यात में ओडीओपी से जुड़े सामानों की है।

प्रोजेक्ट्स गुड्स फ़ॉर स्पेशल पर्पज में 2747 फीसद तक निर्यात बढ़ा है।

अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल ने सोमवार को बताया कि जनवरी 2018 में उत्तर प्रदेश के प्रथम स्थापना दिवस पर लांच की गई मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना ओडीओपी की निर्यात में हिस्सेदारी खुद में उल्लेखनीय है। यह इस बात का भी संकेत है कि आने वाले समय में ओडीओपी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन सकता है। यही नहीं उत्तर प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का जो लक्ष्य रखा है उसमें भी ओडीओपी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होने बताया कि इसके मद्देनजर काम भी जारी है। मसलन जिलों के उत्पादों के अनुसार वहां एक ही छत के नीचे इन उत्पादों से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स के हित के मद्देनजर कॉमन फैसिलिटी सेन्टर बनाए जा रहे हैं। इनमें से पांच तो बनकर तैयार हैं। कुछ जल्दी ही बनकर तैयार हो जाएंगे। कुछ जिलों के सीएफसी का शीघ्र लोकार्पण भी होना है। श्री सहगल ने बताया कि ओडीओपी की संभावनाओं के ही मद्देनजर सरकार ने अगले पांच साल में इसके निर्यात और इससे सृजन होने वाले रोजगार का लक्ष्य दोगुना रखा है। कुछ जिलों में दूसरे उत्पादों को भी ओडीओपी योजना के तहत चुना गया है। ओडीओपी से जुड़े सभी हितधारकों के मद्देनजर ऐसे सभी जिलों में सीएफसी बनने हैं। पांच बनकर तैयार हैं। कुछ निर्माणाधीन है जबकि कुछ मंजूरी की प्रक्रिया मे हैं। ओडीओपी के उत्पाद राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय बाजार में दाम और गुणवत्ता में प्रतिस्पर्धी हों इसके लिए चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण का काम भी जारी है।

ज्ञातव्य है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में ओडीओपी से करीब 25 लाख लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार/स्वरोजगार मिला था। योगी सरकार 2.0 का लक्ष्य अगले पाँच सालों में निर्यात के साथ साथ रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर को दोगुना करने का है।

# बरेली में पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले चार गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा अनुचित साधनों का इस्तेमाल कर सिपाही बने चार अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्रों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने सोमवार को बताया कि मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के चार अभ्यर्थियों ने अनुचित साधनो का प्रयोग कर परीक्षा पास की थी और रविवार को शैक्षिक प्रमाणपत्रों के सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पुलिस लाइंस पहुंच गए। भर्ती बोर्ड की सूचना पर चारों आरोपितों फुरकान अली, चंद किरन, प्रवीन कुमार व मोहम्मद मोहिसन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपित चंद किरन वर्ष 2019 बैच का सिपाही है और वर्तमान में अलीगढ़ में तैनात है।

उन्होने बताया कि चारों आरोपितों के अलावा दो केंद्र संचालकों के विरुद्ध थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से पिछले वर्ष 12 नवंबर और दो दिसंबर को दारोगा भर्ती की आनलाइन परीक्षा कराई गई थी। मार्च में लिखित परीक्षा का परिणाम आया तो प्रयागराज के एक अभ्यर्थी के 160 में से 158 सवाल सही पाए जाने पर बोर्ड को गड़बड़ी की आशंका हुई। अधिकारियों के अनुसार, उसकी परीक्षा की कैंडिटेड रेस्पांस लाग (सीआरएल) का अध्ययन किया तो पता चला कि शुरुआती 45 मिनट में उसने कोई सवाल हल नहीं किया।

बाकी सवा घंटे में दो को छोड़ सभी सही उत्तर दे दिए। इसके बाद बोर्ड ने प्रत्येक अभ्यर्थी की जांच कराई। इसी में फुरकान अली, चंद किरन, प्रवीन कुमार व मो. मोहिसन का नाम भी सामने आया। इन सभी ने भी अनुचित साधन का प्रयोग कर सही उत्तर लिखे। मुजफ्फरनगर के हरसौली के गांव खटौला निवासी फुरकान ने जिला आगरा के आरवी आनलाइन परीक्षा सेंटर पर दी थी। सहारनपुर के देवबंद के तिलहर खुर्द चंद किरन, चंदौरी निवासी प्रवीन कुमार व गंगोह के खानपुर गुज्जर निवासी मो. मोहसिन की परीक्षा मेरठ के राधेश्याम विद्यापीठ सेंटर में हुई थी।

गड़बड़ी के बाद भी प्रकरण गोपनीय रखकर इनके शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल होने का इंतजार किया जा रहा था। रविवार को पहुंचते ही चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के साथ आरवी आनलाइन सेंटर आगरा व राधेश्याम विद्यापीठ के व्यवस्थापक, संचालक व प्रबंधक अमित अग्रवाल के विरुद्ध उप्र सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम आदि में मुकदमा दर्ज किया।

# 'डिजिटल रेप' में 80 वर्षीय चित्रकार गिरफ्तार, किशोरी के साथ 7 साल से कर रहा था हैवानियत

नोएडा। दिल्ली से सटे नोएडा में 80 वर्षीय चित्रकार को नाबालिग के साथ कथित डिजिटल रेप के आरोप में रविवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी बुजुर्ग 17 वर्षीय पीड़िता के साथ उसके अभिभावक के रूप में रह रहा था और सात साल से अधिक से उसका यौन शोषण कर रहा था।



इस मामले में पीड़िता ने सेक्टर–39 थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

मूलरूप से इलाहाबाद निवासी आरोपी मौरिस राइडर अपनी एक महिला दोस्त के साथ थाना क्षेत्र के एक सेक्टर में किराये पर रहता है। मौरिस राइडर चित्रकार है। आरोपी की महिला दोस्त के संरक्षण में एक 17 वर्षीय किशोरी भी रहती है। किशोरी का आरोप है कि मौरिस राइडर पिछले कई सालों से उसका यौन शोषण कर रहा है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जब वह दस साल की थी, तभी से आरोपी उसका यौन शोषण कर रहा था और विरोध करने पर मारपीट करता था। आरोपी अक्सर उसे मोबाइल पर टीवी पर अश्लील वीडियो दिखाता था। पीड़िता ने आरोपी की कई वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी हैं।

### मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा

पुलिस ने किशोरी को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा और रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 323, 506 और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है।

डिजिटल रेप का अर्थ है प्रजनन अंग के अलावा किसी अन्य वस्तु का उपयोग करके किसी महिला/लड़की के साथ जबरन यौन संबंध बनाना। यह बलात्कार के दायरे में नहीं आता था बल्कि 2012 के निर्भया कांड के बाद इसे जोड़ा गया था।

### तीन श्रद्धालु गंगा में डूबे, दो को बचाया

**संभल।** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के गुन्नौर क्षेत्र में राजघाट पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करते समय तीन श्रद्धालु गंगा में डूब गए जिनमें से दो को श्रद्धालुओं व गोताखोरों ने बचा लिया जबकि एक की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजघाट गंगा तट पर सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारी तादाद में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। गंगा में स्नान करने के दौरान तीन श्रद्धालु अचानक गंगा में डूब गए जिन्हें गंगा में डूबता देखकर मौके पर मौजूद व गंगा में स्नान कर रहे अन्य श्रद्धालुओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर की आवाज सुनकर श्रद्धालु व गोताखोर गंगा में डूबे श्रद्धालुओं को बचाने में लग गए। सूचना मिलने पर थाना गुन्नौर की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## अमरोहा में सड़क हादसे में दो मरे

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार दो लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली–लखनऊ नेशनल हाईवे–24 पर आज सुबह यह हादसा उस समय हुआ जब जीरो बंधे के समीप बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी और सड़क पर गिरे युवकों को रौंद दिया। थाना पुलिस का कहना है कि शवों की शिनाख्त कराई जा रही है। पुलिस ने शवों को पंचनामा के लिए सीएचसी में रखवा दिया है। गजरौला इंस्पेक्टर राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने के आधार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## हाजी इकबाल की 1200 बीघा जमीन हुयी जब्त

**सहारनपुर।** संगठित अपराध पर अंकुश लगाने की कवायद के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने खनन माफिया हाजी इकबाल से परोक्ष और अपरोक्ष तरीके से जुड़ी करीब 1200 बीघा जमीन अब तक जब्त कर ली है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि प्रशासन ने खनन माफिया हाजी इकबाल द्वारा परिवार से जुड़े लोगों, कंपनियों व फर्मों के नाम क्रय की गई संपत्तियों को कब्जे में लेने की कार्रवाई की है। प्रशासन ने करीब 800 बीघा जमीन पर कब्जा लेते हुए जब्तीकरण संबंधी बोर्ड लगाए है। अब तक कुल 1200 बीघा भूमि पर सरकारी बोर्ड लगाए जा चुके हैं। उन्होने बताया कि पुलिस–प्रशासन हाजी इकबाल द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई 107 करोड़ की 125 संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई कर रहा है। प्रशासन को 1350 बीघा भूमि पर कब्जा लेकर उस पर सरकारी बोर्ड लगाने हैं। इसमें से 400 बीघा जमीन पर सरकारी बोर्ड लगा दिए गए थे, जबकि आज करीब 800 बीघा भूमि पर कब्जा लिया गया। तहसीलदार प्रकाश सिंह ने बताया कि मिर्जापुर पोल में मोहम्मद वाजिद के नाम क्रय की गई 70 बीघा, शेरपुर पेलो में एग्रो सॉल्यूशन फर्म के नाम क्रय की गई 50 बीघा, मायापुर रूपपुर में विक्की, अफजल व अरशद बिल्डर्स के नाम क्रय की गई 450 बीघा, मिर्जापुर पोल में ही एसएस इंटरप्राइजेज के नाम क्रय की गई 125 बीघा तथा शफीपुर में तनवीन हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम क्रय की गई 60 बीघा समेत करीब 800 बीघा भूमि कब्जा लेकर जब्तीकरण संबंधी बोर्ड लगा दिए गए। तहसीलदार ने बताया कि अभी तक कुल 1200 बीघा भूमि पूरी तरह से जब्त कर ली गई है।

## उप्र में यातायात नियम तोड़ रहे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई से हुयी 79 लाख की वसूली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यवसायिक वाहनों के खिलाफ प्रदेश स्तर पर 10 से 13 मई के बीच चलाये गये विशेष अभियान में सरकार ने 79 लाख रुपये से अधिक की वसूल की है। परिवहन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूरे प्रदेश में हुयी वाहन चैकिंग के दौरान ओवर लोडिंग और अनधिकृत बसों के संचालन सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करते कुल 749 ट्रकों एवं 1408 बसों का चालान कर इन्हें निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई। इससे कुल 79.49 लाख रुपये शुल्क वाहन मालिकों से वसूला गया।

## शार्ट न्यूज

### जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक के बराबर उठाव नहीं होने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों की कीमतों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा छह रिंगिट उतरकर 6670 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल का जून वायदा 0.40 सेंट की तेजी लेकर 84.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में स्थिरता रही। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी टिकाव रहा। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज :अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : चना 4600-4700,दाल चना 5600-5700, मसूर काली 8700-8800, मूंग दाल 8900-9000, उड़द दाल 9950-10050, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2300-2400 रुपये और चावल : 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3560-3670, चीनी एम. 3740-3840, मिल डिलीवरी 3440-3540 और गुड़ 3400-3500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 19341 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 21245 रुपये, सोया रिफाइंड 18754 रुपये, पाम ऑयल 17582 रुपये और वनस्पति तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### मोदी दूरसंचार विनियामक ट्राई के रजत जयंती समारोह को मंगलवार को करेंगे संबोधित

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के रजत जयंती समारोह को संबोधित करेंगे और 5जी प्रौद्योगिकी के परिक्षण की एक सुविधा का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यकाल के एक बयान में कहा गया है कि मोदी इस कार्यक्रम को वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे और ट्राई की रजत जयंती के उपलक्ष में एक डाक टिकट जारी करेंगे। बयान के मुताबिक मोदी 5जी टेस्ट बेड सुविधा का अनावरण करेंगे जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान( आईआईटी) मद्रास के नेतृत्व में कुल आठ संस्थाओं ने आपस में सहयोग पर आधारित एक परियोजना के तहत विकसित किया है। यह सुविधा इस क्षेत्र की भारतीय औद्योगिक इकाइयों और स्टार्ट-अप उद्यमों को अपने 5जी और अगले पीढ़ी के प्रौद्योगिकी संबंधी उत्पादों, नमूनों, समाधानों और एल्गोरिद्म को प्रमाणित कराने में उनकी मदद के लिए देश में एक सहायक परितंत्र प्रस्तुत करेगी। 5जी टेस्ट बेड, 5जी के विकास में दिल्ली, हैदराबाद, बॉम्बे, और कानपुर आईआईटी, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर व्यवहारिक सुक्ष्म तरंग इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग एवं अनुसंधान (समीर) और सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन वायरलेस टेक्नोलॉजी (सेविट) ने योगदान किया है। उल्लेखनीय है कि भारत में दूरसंचार क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश के बाद दूरसंचार बाजार के विनियमन के लिए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम-1997 के तहत ट्राई का गठन किया गया था।

### विमान ईंधन के दाम बढ़े

**नयी दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध से प्रभावित हुई कच्चे तेल की कीमतों के बीच तेल कंपनियों ने सोमवार को राजधानी दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत पांच प्रतिशत बढ़ा दी। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया कि एक किलोलीटर एटीएफ की कीमत दिल्ली में 1,23,039.71 रुपये, कोलकाता में 1,27,854.60 रुपये, मुंबई में 1,21,847.11 रुपये और चेन्नई में 1,27,286.13 रुपये हो गयी है। यह कीमतें आज से लागू हो गयी हैं। हर माह की पहली और 16वीं तारीख को एटीएफ की कीमतों की समीक्षा होती है। इस वर्ष की शुरुआत से हर पखवाड़े एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि एक मई को एटीएफ के दामों में 3.22 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी। स्थानीय करों के अनुसार हर राज्य में एटीएफ की कीमत अलग-अलग होती है। देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में हालांकि कोई बदलाव नहीं किया गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध से कच्चे तेल की आपूर्ति कम होने को ईंधन के दामों में बढ़ोतरी का कारण बताया जा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल के दामों में 40वें दिन भी कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जिसके कारण लगातार 40वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर है। यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.16 प्रतिशत गिरकर 109.14 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.30 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 49 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

### विवो ने लांच किया 5000 एमएएच बैटरी वाला वाई01 स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी विवो ने आज भारतीय बाजार में 5000 एमएएच बैटरी वाला अपना किफायती स्मार्टफोन वाई 01 लॉंच करने की घोषणा की जिसकी कीमत 8999 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि युवाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किये गये इस स्मार्टफोन को अत्याधुनिक फीचर और एचडी प्लस डिस्प्ले के साथ किफायती कीमत पर लॉंच किया गया है। यह फोन कंपनी की वेबसाइट और रिटेल स्टोररों पर उपलब्ध है। उसने कहा कि इसमें 6/51 इंच का आई प्रोटेक्शन मॉड के साथ एचडी पल्स हैलो डिस्प्ले दिया गया है जो गेमिंग के लिए बहुत ही उपयोगी है। मीडियाटेक हेलियो पी 35 प्रोसेसर आधारित इस फोन में 2 जीबी रैम और 32 जीबी रॉम है।

### भारत फोर्ज के तिमाही लाभ में हुयी 15.21 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई। इंजीनियरिंग कंपनी भारत फोर्ज ने सोमवार को बताया कि उच्च राजस्व के बदौलत 31 मार्च 2022 को समाप्त हुयी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 15.21 प्रतिशत बढ़कर 327.86 करोड़ रुपये रहा। भारत फोर्ज ने एक बयान में कहा कि कंपनी का वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ 284.57 करोड़ रुपये था। कंपनी का जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में परिचालन राजस्व 71.54 प्रतिशत बढ़कर 3573.09 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 2,082.84 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ करीब छह गुना बढ़कर 1,316.88 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 195.61 करोड़ रुपये था। इसी तरह कंपनी का पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में परिचालन राजस्व 65.09 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,416.07 करोड़ रुपये रहा। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में 6,336.26 करोड़ रुपये था। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बीएन कल्याणी ने कहा, कंपनी ने मजबूत स्थिति के साथ वित्त वर्ष 2021-22 का अंत किया है, घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में वृद्धि दर्ज की गयी। वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही के मुकाबले वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में लागत मुद्रास्फीति के दबाव के बावजूद परिचालन लाभ (एबीटडा) मार्जिन 25.7 प्रतिशत पर रहा।

## तेल की वैश्विक कीमतों पर निर्भर करेगा देश का आर्थिक विकास : बजाज

नयी दिल्ली । उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर के 7.4 प्रतिशत से 8.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताते हुये आज कहा कि यह वैश्विक तेल की कीमतों पर निर्भर करता है।

सीआईआई के नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव बजाज ने कार्यभार संभालने के बाद पहली बार संवाददाताओं से चर्चा में यह अनुमान जताते हुये कहा कि वैश्विक कारकों से होने रहे उतार चढ़ाव और महंगाई को सशक्त सुधारों से काबू में किया जा सकता है तथा आर्थिक विकास की संभावनाओं को पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार को वित्त वर्ष 2032 तक देश को 9 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए 10 सूत्री नीति ऐजेंडे का भी खुलासा किया।

उन्होंने कहा कि घरेलू और बाहरी क्षेत्रों में सुधारों से आर्थिक विकास की संभावनाओं को बल मिलेगा। लघु काल में विकास को गति देने के लिए सरकारी पूंजी निवेश, निजी क्षेत्र निवेश सहायक हो सकता है क्योंकि इससे कुछ क्षेत्रों में मांग बढ़ाने में मदद मिली है। इसके साथ ही उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) से अन्य क्षेत्रों को भी मदद मिली है। बेहतर मानसून से कृषि पैदावार भी बंपर होने और निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है।

उन्होंने महंगाई को तत्काल काबू में करने के लिए ईधन उत्पादों पर कर को नरम करने की आवश्यकता बताते हुये कहा कि इसमें पेट्रोल और डीजल की सबसे अधिक हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि सीआईआई केन्द्र और राज्यों को भी इन शुल्कों में कमी करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।



श्री बजाज ने वर्ष 2030-31 तक देश को 9 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और वर्ष 2026-27 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की रूखरेखा का उल्लेख करते हुये कहा कि जब भारत की आजादी का 100 वर्ष पूरे होंगे तब 2047 में भारत की अर्थव्यवस्था के 40 लाख करोड़ डॉलर के होने की पूरी क्षमता है। उन्होंने विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को विकास के दो इंजन बताते हुये उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना से वित्त वर्ष 2048 तक विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए में हिस्सेदारी बढ़कर 27 प्रतिशत हो सकती है। इसी तरह से सेवा क्षेत्र की भागीदारी भी 53 से 55 प्रतिशत तक हो सकती है। उन्होंने सरकार और उद्योग को समान साझेदार बताते हुये कहा कि जीडीपी में निर्यात की हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए।

सीआईआई अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों को स्वास्थ्य और शिक्षा पर व्यय बढ़ाना चाहिए ताकि ये सेवायें सभी के लिए सुलभ हो सके। इससे समग्र और समान विकास के साथ ही कार्यबल की उत्पादकता में सुधार होगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इससे उपभोग की मांग बढ़ने जो अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा इंजन है। लोगों के ये दो अति महत्वपूर्ण व्यय को कम किये जाने चाहिए ताकि वे अन्य चीजों पर व्यय कर सकें। स्वास्थ्य और शिक्षा की सार्वभौमिक उपलब्धता से अच्छी गुणवत्ता के रोजगार भी सृजित होंगे।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को सशक्त बनाने के लिए देश में दक्षता और प्रौद्योगिकी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिक से अधिक क्षेत्रों को पीएलआई के दायरे में लाने की वकालत करते हुये उन्होंने कहा कि चमड़ा, फुटवियर, खिलौना जैसे क्षेत्रों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनिंदा सेवा क्षेत्रों के लिए रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना शुरू की जानी चाहिए जिससे अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सके और विदेशी मुद्रा अर्जित की जा सके। उन्होंने पर्यटन, लॉजिस्टिक, रिटेल, फिल्म, एमिनेशन और गेमिंग के लिए इन योजना को शुरू करने का सुझाव भी दिया।

बजाज ने कारोबारी लागत को कम करने के साथ ही कारोबारी सुगमता में और अधिक सुधार किये जाने की वकालत करते हुये कहा कि देश में कारोबारी और निवेश के माहौल को बेहतर बनाने की जरूरत है। उन्होंने ईंधन को जीएसटी के दाने वाले का पुरजोर समर्थन करते हुये कहा कि गति शक्ति में तेजी लायी जानी चाहिए और राज्यों को भी इसमें साझेदार बनाये जाने चाहिए।

विमान कंपनी एयर इंडिया के निजी हाथों में सौंपने और भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के सफलता पूवर्क पूरे होने का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इससे जोखिम भरे इस समय में सरकार की निजीकरण की योजनाओं को बल मिला है। सरकार की निजीकरण और संपदा मौद्रिकरण की योजनायें यथावत चलती रहनी चाहिए क्योंकि इससे पूंजी निवेश के लिए संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादकता बढ़ेगी।

## शेयर बाजार में लौटी तेजी

मुंबई। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, ऑटो, पावर और रियल्टी समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार पांच कारोबारी दिवस के बाद तेजी लौट आई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक 180.22 अंक चढ़कर 52973.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 60.15 अंक बढ़कर 15842.30 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर अधिक रहा है। इस दौरान मिडकैप 1.51 प्रतिशत की तेजी लेकर 22,145.10 अंक और स्मॉलकैप 1.15 प्रतिशत की बढ़त लेकर 25,605.99 अंक पर पहुंच गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3577 कंपनियों के शेयरों में कारोबार में हुआ, जिनमें से 2232 में लिवाली जबकि 1165 में बिकवाली हुई वहीं 180 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 33 में तेजी जबकि 16 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के एफएमसीजी, टेक और आईटी समूह की 0.58 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 16 समूहों में तेजी रही। सीडीजीएस 1.44, वित्त 1.45, इंडस्ट्रियल्स 1.35, दूरसंचार 2.85, यूटिलिटीज 2.17, ऑटो 2.20, बैंकिंग 1.43, कैपिटल गुड्स 1.30, पावर 2.10 और रियल्टी समूह के शेयर 2.59 प्रतिशत चढ़े।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जापान का निक्केई 0.45 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.26 प्रतिशत चढ़ा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.61 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.34 प्रतिशत गिर गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक की तेजी के साथ 52,946.32 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 53,428.28 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली होने से दोपहर बाद यह 52,632.48 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। संभलने की कोशिशों में कामयाबी पाकर अंत में यह पिछले दिवस के 52,793.62 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत चढ़कर 52,973.84 अंक पर रहा।

इसी तरह 63 अंक मजबूत होकर 15,845.10 अंक पर खुला निफ्टी भी कारोबार के दौरान 15,977.95 अंक के उच्चतम जबकि 15,739.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 15,782.15 अंक के मुकाबले 0.38 प्रतिशत की बढ़त लेकर 15,842.30 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 18 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 12 में गिरावट रही। एनटीपीसी ने सबसे अधिक 3.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया जबकि अल्ट्रासिमको सर्वाधिक 3.01 प्रतिशत के नुकसान में रही।

तेजी पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में एसबीआई 2.27, मारुति 2.14, एचडीएफसी 1.96, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.57, एचडीएफसी बैंक 1.10, आईसीआईसीआई बैंक 0.85, टाटा स्टील 0.71 और एलटी 0.70 प्रतिशत शामिल रही।

## आर्टपार्क के रोबोटिक्सा चैलेंज के विजेता बने

नयी दिल्ली। एआई एंड रोबोटिक्सि टेक्नोलॉजी पार्क द्वारा आयोजित रोबोटिक्सक चैलेंज का ग्रिफिंडोर्स को विजेता घोषित किया गया है जबकि टीम गिगा रोबोटिक्सर और सर्बरस उपविजेता रहीं। इस चैलेंज में रोबोट को वाचमैन जैसे वह काम करके दिखाने थे, जो आमतौर पर वाशरूम में होते हैं। देशभर से मिले 134 आवेदनों में से टॉप चार टीमें - सर्बरस, ग्रिफिंडोर्स, गिगा रोबोटिक्सं और रोबो ज्योहथियांस ने फाइनल में अपनी जगह बनाई और अभिनव रोबोट्स का इस्तेमाल कर वाशरूम जैसे कामों का प्रदर्शन किया। इस चैलेंज के फाइनल में एनविडिया के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक विशाल धुपर , अदाणी पावर के न्यू टेक्नालॉजी के प्रमुख संदीप दीक्षित , फ्लिपकार्ट हेल्थटेक के मुख्य प्रौद्योगिकी एवं उत्पाद अधिकारी प्रणव सक्सेना , आईआईएससी के सेंटर फॉर प्रोडक्ट डिजाइन एंड मैन्युक्फैचरिंग प्रोफेसर प्रदीप्त विश्वास और आर्टपार्क के सह संस्थापक एवं सीईओ उमाकांत सोनी भी मौजूद थे। अलाइड मार्केट रिसर्च के अनुसार, 2030 तक विश्व भर में सर्विस रोबोटिक्स का बाजार 21.2 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 153.7 अरब डॉलर का होने की उम्मीद है। भविष्य के रोजगार उद्योग में सफल होने के लिये एआई और रोबोटिक्सी में कुशलताएं विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। आर्टपार्क रोबोटिक्स चैलेंज इसी दृष्टिकोण के अनुसार है और इसने सीखने वालों को इस क्षेत्र में अपनी कुशलताएं बढ़ाने और भारत में मौजूद वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिये प्रौद्योगिकी समाधान बनाने का अवसर दिया है। इस आयोजन को मिली प्रतिक्रिया से हम बहुत खुश हैं और एआई एवं रोबोटिक्सा की एक मजबूत कम्युनिटी निर्मित करने के लिये इस प्रतिसाद को आधार बनाएंगे, ताकि भारत में रोबोटिक्सक के परितंत्र के निर्माण एवं विस्तार में सहायता कर सकें। एआई और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी पार्क अपनी तरह का अनोखा और गैर-लाभकारी फाउंडेशन है, जिसकी स्थापना बेंगलुरु में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (आईईएससी) ने की थी।

## अरुणाचल में केवाईआईसी का काष्ठशिल्प, अगरबत्ती उद्योग को बढ़ाने का प्रयास

नयी दिल्ली। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने असम और अरुणाचल प्रदेश में 100 महिलाओं समेत 150 प्रशिक्षित खादी शिल्पकारों को स्व-रोजगार की विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि केवीआईसी के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग में 50 शिल्पकारों को काष्ठकला की मशीनें वितरित कीं। इसी तरह असम में गुवाहाी के शिल्पकारों को अगरबत्ती बनाने वाली 50 मशीनें और अचार बनाने वाली 50 मशीनों का वितरण किया। मंत्रालय ने कहा कि केवीआईसी ने पहली बार मशीनों के जरिए काष्ठकला का प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम शुरू किया है।

यह प्रशिक्षण अरुणाचल के स्थानीय युवाओं को दिया जा रहा है, जिसका उद्देश्य तवांग के स्थानीय जनजातीय युवाओं के लिये स्थायी रोजगार उत्पन्न हो सकें।

इसका मकसद राज्य की पारंपरिक काष्ठकला को पुनर्जीवित करना भी है। सभी काष्ठ शिल्पकार बीपीएल परिवारों से सम्बंधित हैं तथा केवाईआईसी उन्हें 20 दिनों का समग्र प्रशिक्षण देता है।

## जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने लांच किया अपना अभिनव उत्पाद

**नयी दिल्ली।** पेंट कंपनी जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने हालो एक्राग्लो रेंज पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपना उत्पाद अभियान शुरू किया है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स की एक्राग्लो रेंज जर्म ब्लॉक ज़ेडएन2 प्लस ऑयन तकनीक के साथ लकड़ी और धातु की सतहों के लिए भारत का पहला जल-आधारित पेंट्स है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पहले भारतीय उपभोक्ता लकड़ी और धातु की सतहों को पेंट करने के लिए सॉल्वेंट-आधारित एनैमल्स का उपयोग कर रहे थे, जिन्हें ऑयल पेंट के रूप में जाना जाता है। इनमें ऐसे रसायन और सॉल्वैंट्स मौजूद होते हैं जिनमें तेज गंध होती है और इनका वीओसी (वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंटेंट) बहुत ऊंचा होता है।

नतीजतन, बच्चों और बीमार लोगों के लिए इन पेंट्स की सिफारिश नहीं की जाती, क्योंकि इस्तेमाल के बाद ये सॉल्वैंट्स अपने हानिकारक धुएं से घर को प्रदूषित कर देते हैं। ऐसे पेंट सूखने में भी लंबा समय लेते हैं, जिससे घर-परिवार को असुविधा होती है और एक या दो हफ्ते तक बदबू आती रहती है।

उसने कहा कि उसकी एक्राग्लो रेंज 100 प्रतिशत जल-आधारित है, इसकी गंध कम है, जल्दी सूखती है और पूरी तरह से परिवार के अनुकूल है।

इसके जल्द सूखने के कारण पुताई बहुत कम समय में पूरी हो जाती है। इसकी चमक भी लंबे समय तक बरकरार रहती है।

एक्राग्लो अभियान बॉलीवुड स्टार और जेएसडब्ल्यू पेंट्स की ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट के माध्यम से उपभोक्ताओं के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित है।

## 18 मई से ग्रेटर नोएडा में होगा 'सात्ते 2022' का आयोजन, टूरिज्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है मकसद

ग्रेटर नोएडा। भारत के अग्रणी बी2बी प्रदर्शनी आयोजक इंफॉर्मा मार्केट्स भारत में 18 से 20 मई तक दक्षिण एशिया के प्रमुख टूर एंड ट्रेवल एग्जीबिशन सात्ते 2022 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर में आयोजित होगी। सात्ते के 29वें संस्करण का उद्देश्य इस उद्योग के 36,000 से अधिक योग्य हितधारकों, खरीदारों और व्यापार यात्रियों, विवाह आयोजकों, कॉर्पोरेट यात्रा, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्रीज के साथ-साथ प्रमुख टेलीविजन और फिल्म निर्माण करने वाली संस्थाओं के लिए एक उपयुक्त व्यावसायिक अवसर प्रदान करना है।

### जानिए क्या है कारोबार?

यह आयोजन इंटरएक्टिव सेशंस के साथ उद्योग के विचारकों और स्टेक होल्डर्स के बीच संवाद के मध्यम से विचारों के व्यापक और वास्तविक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा। सात्ते विविध पर्यटन क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए आर्थिक विकास के अवसरों के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, नेशनल/इंटरनेशनल टूरिज्म बोर्ड, स्टेट टूरिज्म डिपार्टमेंट्स, होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, ट्रैवल टेक्नोलॉजी कंपनियों, स्पा और वेलनेस सेंटर जैसे व्यापक पृष्ठभूमि से आने वाले 1000 से अधिक प्रदर्शकों के साथ वन-टू-वन फ्लोर इंटरेक्शन भी आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन, उद्योग के विभिन्न वर्गों के प्रसिद्ध और स्थापित वक्ताओं को उद्योग की वर्तमान स्थिति के बारे में अपने विचार व्यक्त करने और इस क्षेत्र के भविष्य को पुनर्जीवित करने और फिर से आकार देने के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों में एकरूपता लाएगा। इस वर्ष के संस्करण के लिए उपस्थित लोगों में 1000 से अधिक प्रदर्शकों, 20 से अधिक राज्य पर्यटन बोर्डों, 20 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय स्थलों, 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी इस बहुउद्देशीय सम्मेलन में अपने ज्ञान को साझा करने जा रहे हैं।

चूंकि यात्रा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के खुलने के साथ गति प्राप्त कर रहा है, ऐसे में सात्ते राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा उद्योग के पुनरुद्धार पर चर्चा और संवाद का एक प्रमुख केंद्र होगा, इसके साथ ही उद्योग के विकास में तेजी लाने के लिए समाधान-संचालित नवाचारों को भी आगे लायेगा। इंफॉर्मा मार्केट्स के प्रबंध निदेशक, योगेश मुद्रास ने कहा, सात्ते, हाल के रुझानों और यात्रा उद्योग की जानकारी के बारे में संपूर्ण और समृद्ध बातचीत करने का एक आकर्षक अवसर है। दुनिया भर में यात्रा क्षेत्र कोरोना वायरस के कारण कठिन दौर से गुजरा है जैसा कि अब यह तेजी से खुल रहा है और भारत में 2029 के अंत तक उद्योग में 53 मिलियन नौकरियों में वृद्धि का अनुमान है और 2027 तक 125 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

सात्ते को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन बोर्ड, भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और व्यापार संघों और अन्य संगठनों से अपार समर्थन मिला है। भारतीय राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, उत्तराखंड, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, गोवा, मध्य प्रदेश और अन्य ने इस कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए सकारात्मक रूप से सहमति व्यक्त की है। सऊदी अरब, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, मॉरीशस पर्यटन प्राधिकरण, सिंगापुर, थाईलैंड, इंडोनेशिया, अजरबैजान, इज़राइल, तुर्की, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, यूटा, कजाकिस्तान, विजिट ब्रसेल्स, मियामी, जिम्बाब्वे, लॉस एंजिल्स जैसे कई अन्य इसमें भाग ले रहे हैं। इस आयोजन को निजी कंपनियों से भी शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

### नए डील्स की हो सकती हैं घोषणाएं

नई व्यावसायिक साझेदारियों और घोषणाओं का निर्माण तीन दिवसीय एक्सपो का मुख्य आधार होगा। सात्ते 2022 उद्योग जगत को पर्यटन उद्योग द्वारा असीमित अवसरों के बारे में बताने के लिए सम्मेलनों की एक श्रृंखला को बनाएगा। कॉन्फ्रेंस में शामिल विषय हैं जैसे इंडिया टूरिज्म: द रोड अहेड!

## दमानी की कंपनी के शेयरों में 10 प्रतिशत की आई तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक और अरबपति राधाकिशन दमानी की कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों में आज जबरदस्त तेजी रही। एवेन्यू सुपरमार्ट्स का स्टॉक आज बीएसई पर 10.14प्रतिशत चढ़कर 3562.90 रुपये पर बंद हुआ है। एक्सपर्ट इस शेयर पर बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। राधाकिशन दमानी के इस शेयर पर ब्रोकरेज ने टारगेट प्राइस 3,900 रुपये रखा है।

### क्या कहा ब्रोकरेज ने?

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने इस स्टॉक प्राइस को अपग्रेड करते हुए कहा है कि डीमार्ट का स्टॉक अपग्रेड सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि स्टॉक अपने हाई लेवल से 45 फीसदी तक सही हो गया है। इसमें बड़े स्तर का आधारित बाजार सुधार भी हुआ है। इसके अलावा, ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि जल्द ही कंपनी स्टोर के विस्तार में तेजी लाने की कोशिश करेगी। राधाकिशन दमानी की रिटेल कंपनी डी-मार्ट का संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को बड़ा मुनाफा हुआ है। मार्च 2022 में खत्म चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 3.11 फीसदी वृद्धि के साथ 426.75 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 413.87 करोड़ रुपये था।वहीं, इस तिमाही में परिचालन से प्राप्त राजस्व 18.55 फीसदी बढ़कर 8,786.45 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष में 7,411.68 करोड़ रुपये था।

वहीं, कुल खर्च 18.71 फीसदी बढ़कर 8,210.13 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वर्ष 6,916.24 करोड़ रुपये था।

पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का शुद्ध लाभ 35.74 फीसदी बढ़कर 1,492.40 करोड़ रुपये हो गया जो वर्ष 2020-21 में 1,099.43 करोड़ रुपये था।

इसी तरह वित्त वर्ष 2021-22 में परिचालन से प्राप्त राजस्व 28.3 फीसदी बढ़कर 30,976.27 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 24,143.06 करोड़ रुपये था।

## शार्ट न्यूज

### बच्चे के जन्म के बाद भारत वापस लौटे हेत्माएर

मुम्बई। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज़ शिमरॉन हेत्माएर कैंप में वापसी कर चुके हैं और वह 20 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के ख़िलाफ़ अपनी टीम के आख़िरी लीग मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह आठ मई को पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ मैच के बाद अपने नवजात बच्चे को देखने गयाना चले गए थे। माना जा रहा है कि हेत्माएर अभी क्वारंटीन में हैं और वह शुक्रवार के मैच से पहले दल से जुड़कर अभ्यास करने लगेंगे। रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स पर 24 रन की जीत के बाद राजस्थान प्लेऑफ़ में पहुंचने की सबसे बड़ी दावेदार बनकर उभरी है। इस जीत के बाद राजस्थान की टीम 13 मैचों में आठ जीत और 16 अंकों के साथ अंक तालिका में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 8.5 करोड़ रुपये में ख़रीदे गए हेत्माएर ने इस सीज़न में अपनी टीम के लिए फ़िनिशर की भूमिका को बख़ूबी निभाया है। बाएं हाथ के इस कैरेबियन बल्लेबाज़ ने 11 पारियों में सात बार नाबाद रहते हुए लगभग 72 के औसत से 291 रन बनाए हैं। डेथ ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट 214.27 है, जो कि इस सीज़न में पांचवां सर्वाधिक है। उनके इस प्रदर्शन से ही उनको वेस्टइंडीज़ टीम के नीदरलैंड्स और पाकिस्तान के दौरे पर चुना जाना था, लेकिन उन्होंने अपने आपको बच्चे के जन्म के कारण अनुपलब्ध करार दिया। हालांकि वह आईपीएल के लिए वापसी कर रहे हैं।

### ब्रिटिश ओपन इन्टरनेशनल पॉवरलिफ्टिंग में भारतीय पॉवरलिफ्टरों ने लगाई मैडल्स की झड़ी

लंदन। अंतरराष्ट्रीय कोच द्रोणाचार्य भूपेन्द्र धवन के नेतृत्व में भारतीय पॉवरलिफ्टर्स ने इंगलिश काउंटी डर्बीशायर में 13 से 15 मई, 2022 तक आयोजित 8 देशों की ब्रिटिश ओपन इन्टरनेशनल पॉवरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर मैडल्स की झड़ी लगा दी। भारत के अलावा जिन अन्य देशों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनके नाम हैं इंग्लैंड, आयरलैंड, जर्मनी, इटली, स्कॉटलैंड, आस्ट्रिया तथा स्वीडन। रितेश डोगरा ने 90 किलो ओपन वर्ग में 4 गोल्ड मैडल जीते, लेखराज ने 2 गोल्ड तथा 1 सिल्वर मैडल जीता। मनप्रीत सिंह ने मास्टर्स वर्ग में एक-एक गोल्ड, सिल्वर तथा कांस्य पदक जीता। भारतीय पॉवरलिफ्टर्स के इस शानदार विजयी प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धवन ने खिलाड़ियों को बधाई दी तथा अन्य भारतीय पॉवरलिफ्टर्स का मनोबल भी बढ़ाया जिनसे उन्हें उम्मीद है कि वे आगामी प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन में और सुधार लाएंगे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों के माता-पिता को भी बधाई दी। विजेता पॉवरलिफ्टर्स ने जीते हुए मैडल्स को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम को समर्पित करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं भारत के नौजवानों को प्रेरणा देती हैं और उनमें उत्साह का संचार करते हैं। विजेताओं ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेन्द्र धवन को उनकी निस्वार्थ सेवाओं तथा बेहद शानदार मार्गदर्शन तथा नैतिक मनोबल के लिए आभार व्यक्त किया।

### आईएसएफ स्कूल वर्ल्ड गेम्स 2022 के लिए जिमनास्ट ध्रुवी चौधरी हुईं रवाना

**गुरुग्राम।** नॉरमैंडी, फ्रांस में 14 मई से शुरू होने वाले आईएसएफ स्कूल वर्ल्ड गेम्स 2022 में विश्वभर से 64 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसी तरह गुरुग्राम की ध्रुवी चौधरी रिदमिक जिम्नास्टिक में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन के बाद अब फ्रांस में आयोजित हो रहे इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हो गयी हैं। ध्रुवी के सपनों में अनेक रुकावटें आईं। एक समय ऐसा भी आया जब वह अपने संघर्षो से तंग आकर हार मानने जा रही थीं, लेकिन एम3एम फाउंडेशन के लक्ष्य प्रोग्राम से उन्हें फिर से आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की उम्मीद मिली। हरियाणा की इस खिलाड़ी को फ्रांस में 14 मई से 22 मई 2022 तक आयोजित होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपने देश का झंडा बुलंद करने का मौका मिला है। उनके कोच, माता-पिता एवं पूरे परिवार को उनसे बहुत उम्मीदें हैं और निश्चित रूप से वह उन सबकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी। सप्ताह भर चलने वाले इस बड़े टूर्नामेंट में पूरे हरियाणा से रिदमिक जिम्नास्टिक के दो तथा आर्चरी से एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट व हरियाणा जिमनास्टिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सूरजपाल अम्मू ने ध्रुवी चौधरी को बधाई देते हुए कहा, आज यह देख कर बहुत खुशी होती है कि देश की बेटियां खेल में आगे बढ़ रही हैं और जिस तरह से ध्रुवी अपने परिवार के हालात के विपरीत होते हुए भी अपने धैर्य और साहस से आगे बढ़ते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रही हैं। ध्रुवी फ्रांस में देश का झंडा बुलंद करें यही मेरी कामना है।

### निकहत, मनीषा ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का किया

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन और मनीषा ने सोमवार को इस्तांबुल में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ अपने पहले विश्व चैंपियनशिप पदक की पुष्टि करने के लिए निकहत ने इंग्लैंड की चार्ली-सियान टेलर डेविसन के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि मनीषा ने 57 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की नामुन मोनखोर को 4-1 के अंतर से हराया। तेलंगाना की 25 वर्षीय मुक्केबाज निकहत ने एक बार फिर अपना तकनीकी वर्चस्व दिखाते हुए इस साल के टूर्नामेंट में 52 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रभावशाली जीत के साथ देश को पहला पदक दिलाया। निकहत के आक्रामक इरादे और साफ-सुथरे हमले ने डेविसन के लिए कोई मौका नहीं छोड़ा। पूरे मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ी नियंत्रण में दिखीं। सेमीफाइनल में निकहत का सामना ब्राजील की कैरोलिन डी अल्मेडा से होगा। डी अल्मेडा ने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता आयरलैंड के कार्ली मैकनौल को एकतरफा अंदाज में हराया। इसी तरह मनीषा का सामना इटली की इरमा टेस्टा से होगा, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की सितोरा तुर्दीबेकोवा को 4-1 से हराया। दूसरी ओर, एक अन्य भारतीय मुक्केबाज नीतू विश्व चैंपियनशिप में अपनी पहली उपस्थिति में पदक हासिल करने से कुछ ही दूर रह गईं। नीतू ने कजाकिस्तान की मौजूदा एशियाई चैंपियन अलुआ बाल्किबेकोवा के खिलाफ अपनी क्षमता तक जाकर पूरी कोशिश की, लेकिन 48 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में वह 2-3 से हार गईं। नीतू और अलुआ का मुकाबला काफी शारीरिक था। दोनों मुक्केबाजों ने आक्रामक रूप से एक-दूसरे का सामना किया और मुक्कों की झड़ी लगा दी लेकिन बाल्किबेकोवा की क्लीन स्ट्राइक ने उन्हें आगे कर दिया। आज रात बाद में, देश की पांच और मुक्केबाज, जिनमें नवोदित अनामिका (50 किग्रा), जैस्मीन (60 किग्रा) और परवीन (63 किग्रा) शामिल हैं इस प्रतिष्ठित वैश्किव टूर्नामेंट में पदक हासिल करने की कोशिश करेंगी। इस इवेंट में 73 देशों की 310 मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं।

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय महिला कुश्ती टीम घोषित

लखनऊ। इंग्लैंड के बर्मिंघम में होने वाले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए वरिष्ठ महिला कुश्ती टीम का चयन सोमवार को किया गया। 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूजा गेहलोत को 50 किलो श्रेणी में, विनेश फोगाट को 53 किलो श्रेणी में, अंशू हो 57 किलो श्रेणी में, साक्षी मलिक को 62 किलो श्रेणी में, दिव्या काकरान को 68 किलो श्रेणी में और पूजा को 76 किलो श्रेणी में चुना गया है। 2022 राष्ट्रमंडल खेल 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच आयोजित किये जाएंगे।

# शीर्ष क्रम से अधिक योगदान चाहते हैं राहुल



मुम्बई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपना पिछला मुक़ाबला सात अप्रैल को एक महीने से ज़्यादा समय पहले जीता था। यह आईपीएल 2022 का दूसरा सप्ताह था। अब जब टूर्नामेंट के लीग स्तर में एक ही सप्ताह का समय बचा है और टीम प्लेऑफ़ में जाना चाहती है तो यह भी ज़रूरी है कि वे अपनी रणनीति में सटीक रहे।
रविवार को भी लखनऊ सुपर जायंट्स को 179 रनों का लक्ष्य मिला, यह और भी अधिक हो सकता था जिस तरह से राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज़ खेलते नज़र आ रहे थे। जवाब में केएल राहुल की टीम ने पावरप्ले में ही 34 रनों पर तीन विकेट गंवा दिए और मध्य क्रम के करने के लिए बहुत कुछ छोड़ दिया। ऐसे में न तो मध्य क्रम के पास इतना अनुभव था और ना ही निचले क्रम के पास बड़े शॉट खेलने की क्षमता।
हार के बाद राहुल ने स्वीकार किया कि उन्हें बल्लेबाज़ी के वक़्त होशियार होना होगा और खेल पर अधिक मेहनत करनी होगी क्योंकि यह लगातार चौथी बार है जब उनकी टीम लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई है।
राहुल ने ब्रॉडकास्टर से कहा, यह लक्ष्य पाया जा सकता था। यह अच्छी पिच थी, नई गेंद के साथ थोड़ा स्विंग जरूर मिल रहा था। हालांकि हम अपनी रणनीति को अमलीजामा नहीं पहना सके और एक बार दोबारा बल्लेबाज़ी क्रम पिछले कुछ मैचों की ही तरह एक यूनिट के तौर पर काम नहीं कर सका। हमें पीछे मुड़कर देखने की ज़रूरत है और अपने खेल पर काम करने की ज़रूरत है, होशियार बनने की ज़रूरत है कि जब हम मध्य ओवरों में हों तो हमें टीम के लिए मैच जीतने की कोशिश करनी चाहिए।
उन्होंने कहा, पुणे में पिच सख़्त थी, वहां पिच पर बहुत कुछ था। यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में पिच बहुत अच्छी थी। यहां शुरुआत में सीम मूवमेंट था, ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे बेहतरीन गेंदबाज़ हार्ड लेंथ पर हिट कर रहे थे। उन्होंने अच्छी जगह पर गेंदबाज़ी की और अगर आप एक ही ओवर में दो विकेट गंवा देते हो तो दबाव आप पर आ जाता है और ऐसा कई बार हमारे साथ हो चुका है, जहां हमने पावरप्ले में ही मैच को गंवा दिया है, हमने शुरुआत में ही तीन से चार विकेट गंवा दिए और उसके बाद वापसी करना मुश्किल हो जाता है। हमें अपने खेल पर काम करने की ज़रूरत है और यह पक्का करने की ज़रूरत है कि जब गेंद घूम रही हो और सामने बेहतरीन गेंदबाज़ हों, तो हमें क्रीज़ पर खड़े रहने का तरीक़े देखने होंगे और सुनिश्चित करना होगा कि टीम को सही शुरुआत मिले जिससे कि बाद में आने वाले बल्लेबाज़ रन बना सकें। लखनऊ अब इस सूची में दूसरी टीम हो गई है, जिन्होंने इस आईपीएल के पावरप्ले में सबसे अधिक विकेट गंवाए हैं। इस मामले में वह कोलकाता नाइट राइडर्स से ही पीछे हैं। रविवार को बोल्ट और प्रसिद्ध ने छह ओवर के अंदर ही क्विंटन डिकॉक, आयुष बदोनी और राहुल के विकेट निकाल लिए थे।
राहुल ने इसे लेकर कहा, अगर हम मध्य ओवरों में संभल जाते जब हम बल्लेबाज़ी कर रहे थे और नई गेंद को अच्छे से खेलते या एक अच्छा स्पेल खेल जाते तो अच्छा होता। अगर हम एक स्पैल अच्छा कर जाते तो वहां से हम मैच जीत सकते थे। हमारी बल्लेबाज़ी में ताक़त हैं, बल्लेबाज़ लंबे और दूर तक हिट कर सकते हैं और वे बड़े ओवर निकाल सकते हैं, तो बस आपको हाशियार बनकर अच्छे स्पैल निकालने होंगे। लखनऊ को अगर रविवार को सफल होना था तो उन्हें मैच को डीप ले जाना था क्योंकि राजस्थान की डेथ गेंदबाज़ी इतनी अच्छी नहीं और उनका इस फ़ेज में बहुत ख़राब इकॉनमी है।

# हरमनप्रीत, मंधाना और दीप्ति संभालेंगी कप्तानी, मिताली और झूलन बाहर

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल प्लेऑफ़ मैचों के दौरान होने वाले महिला चैलेंज टी20 मैचों के कार्यक्रम और दल की घोषणा कर दी है। दीप्ति शर्मा को मिताली राज की जगह वेलॉसिटी टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना क्रमशः सुपरनोवाज़ और ट्रेलब्लेज़र्स की कप्तान बनी रहेंगी। यह टूर्नामेंट 23 से 28 मई के बीच पुणे में होगा, जिसमें फ़ाइनल सहित कुल चार मैच होंगे।
रेलवे की टी20 कप्तान स्नेह राणा को वेलॉसिटी टीम का उपकप्तान बनाया गया है।
इस साल हुए राष्ट्रीय महिला टी20 टूर्नामेंट में मिताली राज भी रेलवे दल की सदस्य थीं, लेकिन उन्होंने खेलने की बजाय खिलाड़ियों को मेंटोर करना पसंद किया। वहीं एक और सीनियर खिलाड़ी झूलन गोस्वामी भी इस टूर्नामेंट में खेलती हुई नहीं दिखाई देंगी। इस टूर्नामेंट में कुल 12 विदेशी खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, इसमें अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया), सोफ़ी एकलस्टन (इंग्लैंड), सोफ़िया डंकली (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड), अयाबोंगा ख़ाका (साउथ अफ़्रीका), सुने लूस (साउथ अफ़्रीका), लॉरा वूलवार्ट (साउथ अफ़्रीका), डिएंड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज़), हेली मैथ्यूज़ (वेस्टइंडीज़), सलमा ख़ातून (बांग्लादेश) और शरमिन अख़्तर (बांग्लादेश) का नाम शामिल है।
इस दौरान श्रीलंका की महिला टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी, इसका मतलब यह है कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अट्टापट्टू इस टूर्नामेंट में खेलती हुई नहीं दिखाई देंगी। वेदा कृष्णमूर्ति और अनुजा पाटिल कुछ ऐसे बड़े नाम हैं, जो पिछले साल इस टूर्नामेंट का हिस्सा तो थे लेकिन इस बार नहीं रहेंगे। पहले मैच में सुपरनोवाज़ का सामना ट्रेलब्लेज़र्स से होगा।

**कार्यक्रम**

23 मई - ट्रेलब्लेज़र्स बनाम सुपरनोवाज़
24 मई - सुपरनोवाज़ बनाम वेलॉसिटी
26 मई - वेलॉसिटी बनाम ट्रेलब्लेज़र्स
28 मई - फ़ाइनल

# दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं अर्शदीप सिंह : हरभजन

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज़ हरभजन सिंह ने आईपीएल 2022 में दबाव की स्थिति में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिये पंजाब किंग्स के तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह की तारीफ़ की है।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए हरभजन ने कहा, अर्शदीप सिंह के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह एक निडर खिलाड़ी हैं। उनके पास शेर का दिल है। एक तरफ़ जहां कई खिलाड़ी दबाव में बिखर जाते हैं, अर्शदीप सिंह दबाव में निखर जाते हैं। उनके अंदर इतना आत्मविश्वास है कि वह दबाव की स्थिति में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। मैंने उन्हें एक मैच के दौरान कागिसो रबाडा को सलाह देते हुए देखा था।

उन्होंने कहा, यह दिखाता है कि वह खेल में किस कदर शामिल हैं और वरिष्ठ खिलाड़ियों से अपनी सोच साझा करने में शर्माते नहीं।

वह अंतिम ओवरों में अपनी मर्ज़ी से यॉर्कर डालते हैं। मेरा मानना है कि इस दर्जे के बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ को ज़रूर भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिये।

# फिसड्डी टीमों के बीच सम्मान बचाने की भिड़ंत

मुम्बई। आईपीएल के प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और सनराइज़र्स हैदराबाद के बीच वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में सम्मान बचाने की भिड़ंत होगी। मुम्बई 12 मैचों में नौ हार के बाद मात्र छह अंक लेकर 10 टीमों में अंतिम स्थान पर है जबकि हैदराबाद 12 मैचों में पांच जीत और 10 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है। मुम्बई अपना पिछला मैच जीतकर और हैदराबाद पिछला मैच हारकर इस मुकाबले में उतर रही हैं।

मुंबई इंडियंस के लिए इस सीज़न में पदार्पण करने वाले 19 साल के युवा खिलाड़ी तिलक वर्मा ने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। उन्होंने उस सीज़न 12 मैचों में 40.88 की औसत से 368 रन बनाए हैं। वह इस सीज़न स्पिन के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से भी एक हैं और स्पिन के ख़िलाफ़ सिर्फ़ एक बार आउट हुए 147.65 की स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं।

हैदराबाद के तेज गेंदबाज टी नटराजन ने दस मैचों में 18 विकेट लिए हैं।

इस साल सिर्फ़ एक बार ऐसा हुआ है, जब उन्होंने बिना विकेट लिए कोई मैच गुज़ारा है। उन्हें डेथ ओवरों में अपनी यॉर्कर और विकेट लेने की क्षमता के लिए तो जाना जाता है, साथ ही साथ उन्होंने इस सीज़न पावरप्ले में भी 10 ओवरों में 14.50 की औसत से छह विकेट लिए हैं। सनराइज़र्स हैदराबाद द्वारा पूरे सत्र के लिए बल्लेबाज़ी की शुरुआत करने के लिए भरोसा दिए जाने के बाद इस पंजाबी युवा अभिषेक शर्मा्ने सबका दिल जीता है और 12 मैचों में हैदराबाद के लिए सर्वाधिक 374 रन बनाए हैं। वह पावरप्ले में भी इस सीज़न में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं और उनके नाम 127.01 के स्ट्राइक रेट के साथ 221 रन है।

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डेनियल सैम्स ने हाल के कुछ मैचों में शानदार वापसी करते हुए मुंबई इंडियंस के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पिछले छह मैचों में उनके नाम दस विकेट है। उन्होंने नौ मैचों में सात कैच भी लपके हैं और उनकी बल्लेबाज़ी क्षमता को अभी तक आईपीएल में मौक़ा नहीं मिला है।

खराब दौर से गुजर रहे मुम्बई के कप्तान रोहित शर्मा ने वानखेड़े स्टेडियम में अब तक सबसे अधिक टी20 रन बनाये हैं। इस मुंबईया खिलाड़ी ने अपने हालिया कुछ मैचों में यहां पर 18, 39, 71, 55, 24, 28 और 47 के स्कोर दर्ज किए हैं।

24 वर्षीय युवा खिलाड़ी कुमार कार्तिकेय सिंह ने अब तक मिले मौक़ों में सबको प्रभावित करते हुए चार मैचों में पांच विकेट लिया है।

# लुंबिनी में बोले पीएम मोदी- नेपाल बिना हमारे राम अधूरे, बुद्ध से बताया अपना खास रिश्ता



लुंबिनी। पीएम नरेंद्र मोदी ने महात्मा बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी में कहा कि नेपाल के बिना तो हमारे राम भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि आज यदि भारत में राम मंदिर बन रहा है तो नेपाल के लोगों को भी खुशी होगी। भारत के लोगों ने हजारों सालों से आस्था के साथ देखा है। यह देश अपनी संस्कृति को बचाकर रखने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी साझा विरासत, साझा संस्कृति और साझा प्रेम है। यही हमारी पूंजी है।
यह जितनी सशक्त होगी, उतना ही हम दुनिया को बुद्ध का संदेश पहुंचा सकते हैं। आज जिस तरह विश्व में हालात बन रहे हैं, उसमें भारत और नेपाल की घनिष्ठता संपूर्ण मानवता के हित का काम करेगी। इसमें भगवान बुद्ध के प्रति हम दोनों ही देशों की आस्था एक सूत्र में जोड़ती है, एक परिवार का सदस्य बनाती है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि बुद्ध बोध भी हैं और शोध भी हैं। वह विचार भी हैं और संस्कार भी हैं। महात्मा बुद्ध इसलिए भी विशेष हैं क्योंकि उन्होंने केवल उपदेश नहीं दिए बल्कि मानवता को ज्ञान की अनुभूति कराई। निश्चित रूप से उनका जन्म किसी साधारण बालक के रूप में नहीं हुआ था। उन्होंने हमें अहसास कराया कि प्राप्ति से ज्यादा महत्व त्याग का होता है। इसलिए उन्होंने जंगलों में विचरण किया, तप किया और शोध किया। उस आत्मशोध के बाद वह जब ज्ञान के शीर्ष पर पहुंचे तो उन्होंने किसी चमत्कार से लोगों के कल्याण का दावा कभी नहीं किया। उन्होंने हमें वह रास्ता बताया, जिसे उन्होंने खुद जिया था।
महात्मा बुद्ध के संदेशों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, बुद्ध ने कहा था कि अपना दीपक खुद बनो। मेरे विचारों को भी सोच-समझकर आत्मसात करो।
उन्होंने कहा कि पूर्णिमा के ही दिन महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन बोध गया में उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और फिर इसी तिथि को उन्हें निर्वाण प्राप्त हुआ। यह कोई संयोग मात्र नहीं था। यही मानव जीवन की पूर्णता है। पूर्णिमा ही पूर्णता का प्रतीक है। महात्मा बुद्ध भौगोलिक सीमाओं से ऊपर उठकर सबके हैं और सबके लिए हैं। भगवान बुद्ध के साथ मेरा एक संबंध भी है। इसमें एक अद्भुत और सुखद संयोग भी है।

### वडनगर से बताया महात्मा बुद्ध का खास रिश्ता

मेरा जन्म जिस वडनगर में हुआ था, वह प्राचीन दौर में बौद्ध शिक्षा का बड़ा केंद्र था। वहां आज भी बड़े पैमाने पर अवशेष निकल रहे हैं। भारत में ऐसे कई शहर हैं, जहां लोग उन्हें उस राज्य की काशी के तौर पर जानते हैं। काशी के समीप सारनाथ से मेरी आत्मीयता से आप भी जानते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें इस विरासत को साथ मिलकर समृद्ध करना है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि नेपाल सरकार लुंबिनी और बुद्ध सर्किट के विकास के लिए सहयोग कर रही है और योगदान दे रही है।
उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत का संबंध हिमालय जितना ही पुराना और अटल है। अब हमें अपने रिश्तों को उतनी ही ऊंचाई भी देनी है।

### खारकीव में सैनिकों ने रूसी सेना को पीछे खदेड़ा

कीव। यूक्रेन ने सोमवार को कहा कि देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव की रक्षा करने वाले सैनिकों की एक इकाई ने रूसी सेना को पीछे खदेड़ने में कामयाबी पाने पर जीत का जश्न मनाया। सीएनएन के अनुसार यूक्रेनी सेना की एक यूनिट द्वारा जारी एक वीडियो में एक समूह नीले और पीले रंग खूंटी को सीमा रेखा पर गेंठते हुए दिखाई दिया और कह रहे है,राष्ट्रपति महोदय, हमने इसे कर दिखाया है। सेना ने कहा, खारकीव के आसपास दुश्मन अपनी पकड़ बनाए रखने और हमारे सैनिकों को आगे बढ़ने से रोकने के अपने मुख्य प्रयासों को भटकाने की दिशा में काम कर रही है। पिछले हफ्ते यूक्रेनी अधिकारी ने कहा कि वे शहर के बाहरी इलाके में गांवों को मुक्त करा रहे थे।

## भारत की ओर से गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध के बाद यूरोपीय बाजार में खलबली, कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचीं



पेरिस। भारत की ओर से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बाद यूरोपीय बाजार में गेहूं की कीमतों में सोमवार को भारी उछाल देखने को मिला। सोमवार को यूरोपीय बाजार खुलते ही गेहूं के दाम 435 यूरो (453) प्रति टन पहुंच गई। इस साल फरवरी में रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ जंग के ऐलान और उसके एग्रीकल्चर पॉवर हाउस पर हमले के बाद वैश्विक स्तर पर गेहूं की आपूर्ति नहीं होने की आशंका बढ़ गई। जिसकी वजह से कीमतों में उछाल देखा गया।
पिछले साल के रिकॉर्ड देखे थे वैश्विक बाजार में गेहूं निर्यात के लिए इन दोनों देशों का 12 प्रतिशत योगदान था। दुनियाभर में खाद की कमी और खराब फसल की वजह से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ी है। गरीब देशों में स्थिति ठीक नहीं चल रही है और सामाजिक अशांती की आशंका जताई जा रही है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक देश भारत ने शनिवार को कहा कि मार्च में रिकॉर्ड स्तर की गर्मी की देखते हुए वो निर्यात पर प्रतिबंध लगा रहा है। भारत ने कहा कि वह गेहूं के कम उत्पादन और वैश्विक बाजार में कीमतों की उछाल को देखते हुए वह अपने 1.4 बिलियन लोगों की खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित है। गेहूं के निर्यात पर बैन लगाते हुए सरकार ने कहा कि 13 मई को जारी निर्देश से पहले की निर्यात डील को रोका नहीं जाएगा, लेकिन भविष्य में होने वाले निर्यात के लिए सरकार की मंजूरी जरूरी होगी। भारत के पास गेहूं का बफर स्टॉक है। अपने स्टॉक को देखते हुए भारत ने पहले कहा था कि वह यूक्रेन युद्ध की प्रभावित हुई आपूर्ति की कुछ कमी को पूरा करने में मदद करने के लिए तैयार है।

### मोदी ने नेपाल यात्रा पर छह सहमति पत्रों पर किये हस्ताक्षर

लुम्बनी। नेपाल यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने समकक्ष नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से लुम्बनी में बातचीत के बाद सोमवार को छह सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यहां लुम्बनी मठ में भारत के सहयोग से बनने वाले एक आधुनिक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बौद्ध कल्चर एंड हेरिटेज का शिलान्यास के बाद दोनों नेताओं के बीच अन्य मुद्दों पर भी बातचीत हुई। बातचीत के बाद भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद तथा लुम्बनी बुद्ध यूनिवर्सिटी के बीच, आईसीसीआर और सीएनएएस के बीच, काठमांडू यूनिवर्सिटी और नेपाल तथा इंडियन इस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के बीच मास्टर डिग्री लेवल के लिए संयुक्त डिग्री कार्यक्रम और एसजेवीएन तथा नेपाल बिजली प्राधिकरण के बीच अर्जुन चार परियोजना को लागू करने और विकसित करने को लेकर सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किये गये।

### राजपक्षे परिवार से कोई राष्ट्रपति क्या, सांसद तक नहीं बन सकताः विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि राजपक्षे परिवार में से कोई भी व्यक्ति देश का राष्ट्रपति क्या, कभी सांसद तक नहीं बन सकता। 'द आइलैंड' अखबार ने श्री विक्रमसिंघे के हवाले से बीबीसी सिंहला सर्विस को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि मौजूदा स्थिति में, सत्ता में या बाहर कोई भी राजपक्षे एक बार फिर संसद में प्रवेश करने की उम्मीद नहीं कर सकता, राष्ट्रपति होने की तो बात ही छोड़िए। उन्होंने यह बात इस आरोप के जवाब में कहा कि 'राजपक्षे परिवार की गरिमा' को बचाए रखने के लिए उन्हें (विक्रमसिंघे) प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है, जब तक कि राजपक्षे परिवार का कोई अन्य सदस्य अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ता। प्रधानमंत्री ने देश के मीडिया संस्थानों पर राजपक्षे परिवार के सदस्यों को 'हीरो' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उन्हें मीडिया द्वारा लाया गया था। मैंने उन्हें नहीं लाया, इसलिए जाकर मीडिया से पूछें। जायें और श्रीलंकाई मीडिया से पूछें कि उन्हें वापस लाया गया या नहीं। आप मुझे क्यों देख रहे हैं ? मैंने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्होंने कहा, मैंने उनके खिलाफ लगभग 380 मामले दर्ज किए, मुझे लगता है, लगभग 300 फाइलें। मैंने कभी उन्हें हीरो नहीं कहा । मुझे एक भी मीडिया संस्थान बताएं जिसने श्री गोतबाया राजपक्षे को वोट न देने के लिए कहा हो। तो कृपया जाकर उनसे पूछिए। उन्होंने कहा, जब मैंने कहा कि हमें अगले दो वर्षों के लिए सात अरब डॉलर की आवश्यकता है। जब मैंने कहा कि मुझे पश्चिम में जाकर आईएमएफ में झूठा कहा गया। मेनस्ट्रीम मीडिया और सोशल मीडिया ने मुझे बर्बाद कर दिया। तो अंत में मैंने जो कहा वह सही था।

### किम ने कोरोना से निपटने के लिए सेना को दिये एकत्रित होने के आदेश

सोल। उत्तर कोरिया में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच उसके नेता किम जोंग उन ने देश के 'प्रमुख राष्ट्रीय आपातकाल' से निपटने के लिए सेना को तैयार रहने को कहा है। समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया कि देश के सभी शहरों में 12 मई से लॉकडाउन लगा दिये जाने के बावजूद सप्ताहांत में बुखार के 3,92,920 नये मामले सामने आये हैं और आठ लोगों की मौत की मौत हुई है। सीएनएन ने बताया कि रविवार को शीर्ष अधिकारियों की एक आपात बैठक में श्री किम के ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही दवा की फार्मेसियों के माध्यम से लोगों को समय पर आपूर्ति नहीं की जा रही थी। उन्होंने 'वर्तमान संकट को ठीक से नहीं पहचानने और केवल लोगों की समर्पित रूप से सेवा करने की भावना के बारे में बात करने' के लिए अधिकारियों पर भी हमला बोला। समाचार एजेंसी योनहाप ने बताया कि श्री किम ने राजधानी में दवा की आपूर्ति बेहतर बनाने के लिए सैनिकों को एकत्रित होने का आदेश दिया है। इस बीच दक्षिण कोरिया ने सोमवार को उत्तर कोरिया को मदद की पेशकश की। दक्षिण के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति यून सुक येओल ने कहा, हमें कोरोना वायरस के खतरे से जूझ रहे उत्तर कोरियाई लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान करने से पीछे नहीं हटना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा




# ...तो गंभीर रूप ले सकता है अनीमिया

**अनीमिया एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें शरीर के अंदर खून की कमी हो जाती है। अगर समय रहते इसका निदान न किया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जरूरी है कि आपको अनीमिया, उसके लक्षण व कारणों के बारे में पूरी जानकारी हो। साथ ही यह भी पता हो कि ऐसी कौन-सी चीजें हैं, जिन्हें खाने से अनीमिया को ठीक किया जा सकता है।**



## अनीमिया के लक्षण

सबसे पहले तो यह जानने की जरूरत है कि किन लोगों को अनीमिया आसानी से अपनी गिरफ्त में ले सकता है। ऐसे लोग जो लंबे समय से किसी बीमारी या इंफेक्शन का शिकार हैं उन्हें अनीमिया आसानी से हो सकता है। अनीमिया के कुछ प्रकार अनुवांशिक होते हैं, लेकिन यह खराब डायट और जीवनशैली की वजह से भी हो सकता है। बात करें इसके लक्षणों की, तो थकान, कमजोरी, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन का असामान्य होना, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, सीने में दर्द, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि अनीमिया की तरफ इशारा करते हैं। इसके अलावा स्टूल के कलर में बदलाव, कम ब्लड प्रेशर, स्किन का ठंडा पड़ना, स्प्लीन का साइज बढ़ना भी अनीमिया के लक्षण हैं।

## ये लक्षण भी हैं खतरनाक

सिर, छाती या पैरों में दर्द होना, जीभ में जलन होना, मुंह और गला सूखना, मुंह के कोनों पर छाले हो जाना, बालों का कमजोर होकर टूटना, निगलने में तकलीफ होना, स्किन, नाखून और मसूड़ों का पीला पड़ जाना आदि कुछ ऐसे लक्षण हैं जो अनीमिया के एक गंभीर रूप की ओर इशारा करते हैं। अगर अनीमिया लगातार बना रहे तो डिप्रेशन का रूप ले सकता है।

## अनीमिया के प्रकार और कारण

अनीमिया 3 तरह का होता है- माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर। अगर बॉडी में हीमोग्लोबिन 10 से 11 के आसपास हो तो इसे माइल्ड अनीमिया कहते हैं। वहीं अगर हीमोग्लोबिन 8 से 9 होता है तो इसे मॉडरेट अनीमिया कहते हैं। जबकि सीवियर अनीमिया में हीमोग्लोबिन 8 से कम होता है। यह एक गंभीर स्थिति होती है, जिसमें मरीज की हालत के अनुसार खून चढ़ाने की भी नौबत आ जाती है। अनीमिया कई वजहों से हो सकता है। जैसे कि हेमरेज होने या फिर लगातार खून बहने की वजह से भी शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके अलावा फॉलिक ऐसिड, आयरन, प्रोटीन, विटमिन सी और बी 12 की कमी हो जाए तो अनीमिया हो सकता है। डॉक्टरों के अनुसार, अगर फैमिली हिस्ट्री में ल्यूकेमिया या थैलीसीमिया की बीमारी रही है तो फिर उस स्थिति में अनीमिया होने के चांस 50 फीसदी तक बढ़ जाते हैं।

## आयरन की कमी से होता है अनीमिया

अनीमिया रक्त संबंधित बीमारी है जो महिलाओं में ज्यादा पायी जाती है। शरीर में आयरन की कमी के कारण यह समस्या होती है। विटमिन बी12, फोलिक ऐसिड, कैल्शियम युक्त आहार आदि इससे बचाव करते हैं। इन चीजों से इस बीमारी के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**रोज खाएं चुकंदर** - चुकंदर में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, इसे खाने से शरीर में खून की कमी नहीं होती। इसको रोज अपने खाने में सलाद या सब्जी बनाकर प्रयोग करने से शरीर में खून बनता है। चुकंदर की जड़ों को भी प्रयोग कर सकते हैं, इसमें विटमिन ए और सी होता है।



**अंजीर खाएं** - अनीमिया के लिए अंजीर काफी फायदेमंद माना जाता है। अंजीर में विटमिन बी12, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फॉरस, पोटैशियम जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं जो खून की कमी को दूर करते हैं। यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी मददगार है।

**टमाटर का सूप पिएं** - टमाटर में विटमिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें बीटा केरोटिन और विटमिन ई भी पाया जाता है जो आयरन की कमी को दूर करता है। टमाटर को सलाद के अलावा इसका सूप भी पी सकते हैं।

**अंडा खाएं** - अंडे में प्रोटीन भरपूर मात्रा में होता है, यह एक अच्छा ऐंटिऑक्सिडेंट भी है जो शरीर को बीमारियों से बचाकर आयरन की कमी दूर करने में मदद करता है। एक बड़े अंडे में 1 ग्राम आयरन होता है जो खून की कमी दूर करता है। अंडे को ब्रेकफस्ट में शामिल कर खून की कमी दूर करें।

**आयरन से भरपूर अनार** - अनार ऐसा फल है जिसमें विटमिन सी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। अनार का सेवन करने से शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है और यह अनीमिया से लड़ने में भी मदद करता है। इसके अलावा अनार कमजोरी और थकान को भी दूर करता है।

**फल और सब्जियां ज्यादा खायें** - अनीमिया से ग्रस्त लोगों को यह सलाह दी जाती है कि वे फल और हरी सब्जियां ज्यादा खाएं। फल जैसे खजूर, तरबूज, सेब, अंगूर, आदि खाने से शरीर में खून तेजी से बढ़ता है और अनीमिया की शिकायत दूर होती है।

## अनीमिया के बारे में खास बातें

अनीमिया मुख्य रूप से तीन तरह का होता है, लेकिन सबसे आम आयरन की कमी से होने वाला अनीमिया है। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 90 फीसदी लोगों में यही अनीमिया होता है।

कुछ लोग आइस क्यूब बहुत खाते हैं। अगर ऐसा है तो फिर यह अनीमिया का लक्षण हो सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अनीमिया की एक खास क्वॉलिटी भी होती है। अनीमिया मुख्य रूप से आयरन की कमी से होता है और जब शरीर में आयरन कम हो जाता है तो इंफेक्शन पैदा होने का खतरा नहीं होता। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर बैक्टीरिया अपनी पावर बढ़ाने के लिए आयरन पर निर्भर होते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गर्भवती महिलाओं में अनीमिया होने का अत्यधिक खतरा रहता है। दुनियाभर में 40 फीसदी गर्भवती महिलाओं को अनीमिया होता है। वैसे तो गर्भवती महिलाओं में 20 से 30 फीसदी अधिक ब्लड सप्लाई होता है ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे को ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन मिले। लेकिन ऐसा हमेशा संभव नहीं हो पाता कि गर्भवती महिलाओं के शरीर में इतनी अत्यधिक मात्रा में ब्लड प्रड्यूस हो।



# वजन करना है कम या बीपी रखना है नॉर्मल तो रोज सुबह पिएं गर्म पानी

**शरीर के लिए पानी कितना अहम है इसके बारे में तो सभी जानते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर रोज सुबह खाली पेट आप गर्म पानी पिएं तो हेल्थ को कई फायदे होते हैं।**

## पाचन रहे दुरुस्त

गर्म पानी पाचन में मदद करता है। ऐसा खाना जिसे पेट आसानी से पचा नहीं पा रहा हो उसे ब्रेक करने और पचाने में गर्म पानी काफी मदद करता है, इससे पेट साफ रहता है और पाचन संबंधी कोई और समस्या परेशान नहीं करती।

## वेट लॉस

पाचन दुरुस्त रहे तो वेट लॉस में भी मदद मिलती है। साथ ही में गर्म पानी फैट लॉस में भी मदद करता है।

## पेट दर्द व मरोड़ में राहत

पेट दर्द होने पर या मरोड़ चलने पर भी गर्म पानी काफी राहत देता है। हालांकि इसका ध्यान रहे कि पानी को धीरे-धीरे पिएं, एकदम से गर्म पानी पीना नुकसान कर सकता है। वहीं रोज सुबह गर्म पानी पिएंगे तो ये परेशानियां होंगी ही नहीं।

## ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है

सुबह गर्म पानी पीने से ब्लड फ्लो और सर्कुलेशन को सुधारने में भी मदद मिलती है, यह बीपी को नॉर्मल रखने में भी मदद करता है।

## गला रहेगा साफ

अक्सर सुबह उठने पर लोग कफ की शिकायत करते हैं, ऐसे में गर्म पानी पीने पर उन्हें राहत महसूस होगी। गर्म पानी कफ की समस्या को दूर कर गले को साफ रखता है।

## बॉडी होगी टॉक्सिन फ्री

शरीर के टॉक्सिन को बॉडी से बाहर निकालने में भी गर्म पानी काफी मदद करता है। यह न सिर्फ हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालता है बल्कि स्किन पर भी ग्लो लाता है।





# बेवजह न करें ऐंटिबायॉटिक्स का इस्तेमाल

**बारिश का मौसम वैसे तो इंजॉय करने वाला मौसम होता है लेकिन अकसर यह बीमारियों वाला मौसम साबित हो जाता है। बरसात होने के बाद तपती गर्मी से राहत तो मिलती है लेकिन उमस के कारण इस मौसम में बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं। इस कारण इस मौसम में कई बीमारियां फैलती हैं।**

बरसात के मौसम में पानी से फैलने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। ऐसे में ठीक होने के लिए लोग ऐंटिबायॉटिक्स का सहारा लेते हैं। अकसर लोग बिना डॉक्टर की सलाह के ही ऐंटिबायॉटिक्स ले लेते हैं। अगर आप भी बीमार पड़ने पर बिना डॉक्टर से पूछे ऐंटिबायॉटिक्स दवाइयां खाते हैं तो सावधान हो जाइए। आपको इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बेवजह ऐंटिबायॉटिक्स का इस्तेमाल आपको अन्य बीमारियों के प्रति असुरक्षित बना सकता है क्योंकि इससे कई अच्छे बैक्टीरिया मर जाते हैं। ज्यादा इस्तेमाल से शरीर में ऐंटिबायॉटिक्स के लिए प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ जाती है। ऐसे में हो सकता है कि जरूरत पड़ने पर शरीर को इसका फायदा न पहुंचे। बेवजह ऐंटिबायॉटिक्स खाने से बेहतर होगा कि आप बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक रहें और उनसे बचने की कोशिश करें।

